अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# शिक्षण संस्थाओं में भारत रत्न डॉ. आंबेडकर को किया याद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज, गंगधरापुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बालिका वर्ग की 'अस्मिता जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता' की उपविजेता टीम की सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड दी।

कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव को डीआईओएस ने धन्यवाद भी दिया। इस मौके पर अमित दुबे, देव ऋषि मिश्र, अतुल द्विवेदी, नरेंद्र खैरवार व आलोक मिश्र मौजूद रहे। शहर के शिवाजी नगर स्थित अशोक कुमार इंटर कॉलेज परिसर डॉ. आंबेडकर के जयघोष से गुंजायमान रहा। प्रबंधक अशोक दुबे, मुकेश, शिव नंदन, विकास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। तहसील सदर परिसर स्थित शिव धाम मंदिर के सामने आयोजित कार्यक्रम में प्रबुद्ध जन और समाजसेवी जुटे और डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि दरोगा कटियार, बंटी शर्मा, अनीता, रुचि तिवारी, आरती यादव, सुभाष चंद्र दोहरे, अमित यादव, संतोष यादव, प्रताप सिंह पाल और महेंद्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक यादवेंद्र किशोर यादव ने संचालन किया। आलोक प्रजापति ने सह आयोजक रहे। प्राथमिक स्कूल आसकरनपुर्वा में प्रधानाध्यापक सरिता गौतम ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर अश्वनी गौतम, अरविंद दुबे व अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



अशोक कुमार इंटर कॉलेज शिवाजीनगर में माल्यार्पण करते प्रबंधक अशोक दुबे।

- राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर में शामिल हुए डीआईओएस
- अशोक कुमार इंटर कॉलेज, पीएस आसकरनपुर्वा व तहसील सदर में भी आयोजन



राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर में छात्राओं को सम्मानित करते डीआईओएस पप्पू सरोज। अमृत विचार

## चित्रकला प्रतियोगिता में शिवांगी प्रथम

■ **कन्नौज।** मेरा युवा भारत कन्नौज के तत्वावधान में भारतीय इंटर कॉलेज, नितानंदपुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्रा शिवांगी को प्रथम स्थान, काजल को द्वितीय एवं दामिनी को तृतीय स्थान दिया। कार्यक्रम में युवाओं ने संविधान की शपथ ली। प्रधानाचार्य ने विजेता छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** भाई की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

मैनपुरी जनपद के थाना छाछे के गांव अहिरवा निवासी जय सिंह पुत्र सुखलाल (27) 10 अप्रैल को अपने घर से छोटे भाई संजू की शादी के कार्ड बांटने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। मंगलवार सुबह चचेरे भाई राजेश कुमार की ससुराल पिपरौली थाना ठठिया जनपद कन्नौज से अपने गांव के लिए निकला था। जैसे ही उसकी बाइक नादेमऊ मार्ग पर भानपुर के पास पहुंची तभी सामने से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे जय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिवार के लोगों को दी।

### इसी महीने होनी थी भाई की शादी

■ अप्रैल में ही छोटे भाई संजू की शादी होनी थी जिसके लिए बड़ा भाई कार्ड बांट रहा था। रिश्तेदारी में कार्ड देकर लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। परिजनों ने बताया कि जय दिल्ली में एक बैंक में नौकरी करता था। 45 दिन पहले भाई की शादी की तैयारी को लेकर छुट्टी लेकर घर आया था। जय चार भाइयों में सबसे बड़ा था। दूसरे नंबर के संजू की शादी के लिए उसके समेत भाई आकाश, अजय शादी की तैयारी में लगे थे। सड़क हादसे ने पूरे परिवार को हिला कर रख दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को ससुराल वालों ने बंधक बनाकर पीटा

**गुरसहायगंज।** विवाहिता को ससुरालियों ने घर में बंधक बना लिया और जमकर पिटाई कर दी। मामले में उसने जेठ सहित चार के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम विकूपुर निवासी कमलेश तिवारी ने 1 साल पहले पुत्री संगीता का विवाह गांव सियरमऊ निवासी अतुल के साथ किया था। कोतवाली में दर्ज कराए गए मामले में संगीता ने कहा है कि सोमवार को वह जब ससुराल आई तो जेठ अमित, सुमित ससुर रमेश चंद्र और सास ने घर के अंदर उसे बंधक बना लिया और लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए जिन्होंने उसे बचाया। इस दौरान उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी।

### ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा सवार चार लोग हुए घायल

**गुरसहायगंज।** मंगलवार की दोपहर करीब 2 :00 बजे एक ई रिक्शा मलिकपुर की ओर से सवारी लेकर कस्बा समधन की ओर आ रहा था कि कस्बा समधन के पूर्वी छोर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे उसमें बैठे मोहल्ला दारासराय समधन निवासी समीर अली, आरिफ अली, शाहबाज अली और लोहिया नगर समधन निवासी जीशान गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और वह सड़क से उतरकर झाड़ियां में जा घुसा। सूचना पाकर समधन चौकी प्रभारी दीपक कुमार पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए भेजा।

### तालग्राम पुलिस ने अपहरण के वांछित को दबोचा

**कन्नौज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थाना तालग्राम पुलिस ने थाने में दर्ज अपहरण के मामले में फरार आरोपी राहुल पुत्र शिशुपाल निवासी ग्राम कुशलपुर्वा थाना तालग्राम को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तालग्राम कट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### कचरा जलाने से मना करने पर महिला के साथ की मारपीट

**छिबरामऊ।** सौ शैय्या चौकी क्षेत्र के गांव नगला दिलू में कचरा जलाने के विवाद को लेकर दबंगों ने एक महिला के साथ मारपीट की। पीड़िता गमला देवी पत्नी देवेंद्र यादव ने बताया कि उनके घर के बाहर लगे कूड़े के ढेर पर गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग अपना कचरा डालकर उसे जला रहे थे। उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस से की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



शोभायात्रा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, विधायक कैलाश राजपूत व अन्य। अमृत विचार



सौरिख में आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक कैलाश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता व अन्य।



आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मौजूद मंत्री असीम अरुण, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व अन्य।

# आंबेडकर जयंती पर तिर्वा में निकली विशाल शोभायात्रा

## डॉ. आंबेडकर समेत शामिल रहीं महापुरुषों की झांकियां, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा विभिन्न झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

मंगलवार को कस्बा स्थित गांधी नगर में बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर सेवा समिति ने विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया। अध्यक्ष हरगोविंद तथा अन्य सदस्यों ने झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में शामिल लोग बाबा साहब की शान में नारे लगा रहे थे। पूरा कस्बा नीले झंडों से पटा था। शोभायात्रा में डॉ भीमराव आंबेडकर, ज्योतिबा फुले, भगवान बुद्ध, माता सावित्रीबाई फुले तथा संविधान की झांकियां सम्मिलित थी। यात्रा गांधी नगर से प्रारंभ होकर सोने श्री महिला महाविद्यालय, माता काली जी मंदिर तिराहे से गांधी चौक, ठठिया तिराहे से होती हुई दौलेश्वर मार्ग पर पहुंची जहां पर सैकड़ों लोगों द्वारा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा आंबेडकर नगर में स्थित आंबेडकर पार्क में बाबा साहेब प्रतिमा के सामने संपन्न हुई। यहां पर सामूहिक भंडारे का आयोजन भी किया गया। नगर पंचायत प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता सभासद शिशु पाल सिंह चौहान, यशवंत राजपूत, अजय चतुर्वेदी, संजू ठाकुर ने समिति अध्यक्ष हरगोविंद तथा उपाध्यक्ष एडवोकेट दीपचंद्र, कोषाध्यक्ष पंकज, सचिव अजय कुमार, महा मंत्री अजब सिंह, मंत्री जगवीर सिंह, महा मंत्री आदेश, विधायक कैलाश राजपूत का सार्वजनिक सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, मिथलेश बाथम, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, अजय चतुर्वेदी, सहित हजारों लोग शामिल हुए थे। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, सीओ कुलवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल कस्बा चौकी प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तथा अन्य थानों की पुलिस मौजूद रही थी। शोभा यात्रा में विधायक कैलाश राजपूत, ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा सौरभ गुप्ता सहित कई दलों के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मेडिकल कॉलेज में भी जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

### सौरिख में भी भव्य शोभा यात्रा, प्रतिमा माल्यार्पण, भंडारा

■ **सौरिख।** कस्बे के आंबेडकर पार्क में डॉ. आंबेडकर समिति द्वारा मंगलवार को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका कस्बावासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। समिति के अध्यक्ष हिमांशु दिवाकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता श्याम, कोषाध्यक्ष केपी सिंह व सचिन रामपाल मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान तिर्वा से भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह निम, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी एवं पूर्व नगर प्रतिनिधि ओमी चतुर्वेदी, बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जयकुमार तिवारी ने भी पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यात्रा में डॉ. आंबेडकर के साथ भगवान गौतम बुद्ध, सावित्रीबाई फुले, महर्षि वाल्मीकि और संत रविदास की झांकियां शामिल रहीं। समिति द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अशोक कुमार सिंह (पूर्व प्रधान), संजीव यादव (पूर्व अध्यक्ष), राघव दुबे, राजन सैनी, सचिन मिश्रा बैटरी वाले, राम प्रकाश गुप्ता उर्फ रामू, विजय राजपूत उर्फ लालू, अनिल पाल, बासु दुबे, पंकज राजपूत तथा कमलेश बाथम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 10-10 लाख से होगा महान विभूतियों की प्रतिमाओं का संरक्षण

■ **कन्नौज।** संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर काज़ी टोला स्थित प्रतिमा स्थल पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदर विधायक, उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर समेत अन्य महान विभूतियों की प्रतिमाओं का संरक्षण 10-10 लाख रुपये से किया जाएगा। इन स्थानों को प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में स्थापित बाबा साहेब सहित अन्य सामाजिक न्याय के महान विभूतियों की प्रतिमाओं का संरक्षण किया जाएगा। काज़ी टोला स्थित बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर, संत रविदास एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं के परिसर को और अधिक सुव्यवस्थित, आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री सिमुआपुर, नेरा, सहजापुर, नसरापुर, रंगियनपुरवा कन्नौज में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।




बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता विवेक पाठक।

### राष्ट्र निर्माण में विशेष है शिक्षा का स्थान : विवेक पाठक

■ **जलालाबाद, कन्नौज।** राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा वह सुनहरी चाबी हैजो अंधकार मय जीवन में प्रकाश के पुंज के रूप कार्य करती है। ।मंगलवार को ग्राम तरपुर्वा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विधायक प्रतिनिधि व जिला उपाध्यक्ष ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डाला। राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के महत्व व उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संदेश दिया। इसके उपरांत भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में प्रधानाचार्य विष्णुकांत गुप्ता ने कार्यक्रम का आयोजन किया।



गुरसहायगंज में प्रतीक चिन्ह देकर पूर्व विधायक को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

# गुरसहायगंज में भी जयंती पर उमड़ा नीला समुद्र

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** आंबेडकर जयंती पर उनके अनुयायियों ने विशाल शोभायात्रा निकाली जिसमें अंबेडकर पर आधारित कई झांकियां थी।

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर ग्राम खाडेदेवर, सराय प्रयाग, रजलामऊ, मिरगावा आदि स्थानों से आए जुलूस ग्राम मझपुरवा में एकत्र हुए। शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। इसमें संविधान निर्माता पर आधारित तमाम झांकियां चल रही थी जिन्हें रथ पर सजाया गया था। डीजे पर युवकों ने जमकर नृत्य किया और अबीर गुलाल उड़ाया। इससे पहले पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, भाजपा के बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, चेयरमैन प्रतिनिधित्व मयंक गुप्ता, जिला मंत्री राजीव ठाकुर, पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा ने अंबेडकर की प्रतिमा पर फूलमाला चढाई और उन्हें नमन किया। पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग फाटक पर शोभायात्रा का स्वागत सपा के युवा नेता उत्कर्ष गुप्ता, मोहित गुप्ता, मुख्य चौराहे पर चेयरमैन प्रतिदिन मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, तिराहा पर समाज सेवी मुनीर कुरैशी तिर्वा रोड पर सपा नेता राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर ने किया। शोभायात्रा में शामिल हजारों लोग नीले झंडे लिए थे।

जिससे पूरा कस्बा नीला समुद्र सा दिख रहा था। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने क्षेत्र के ग्राम कटकैया, काजी पुरवा, कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर में पहुंचकर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाई। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने सराय प्रयाग स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचकर संविधान निर्माता की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाई।

पहल | जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, परखी संचालन की तैयारियां

# 30 तक टेस्टिंग के बाद शुरू होगा काऊ मिल्क प्लांट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** उमर्दा क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े काऊ मिल्क प्लांट की टेस्टिंग प्रक्रिया इस महीने की 30 तारीख तक पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद इसका सुचारू रूप से संचालन मदर डेयरी द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को संबंधित अधिकारियों ने दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

मंगलवार को काऊ मिल्क प्लांट पहुंचे जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पूर्व में प्लांट पराग डेयरी के अधीन था जो अब मदर डेयरी संचालित करेगी। उन्होंने कंट्रोल रूम, मिल्क एवं घी पैकेजिंग कक्ष, पनीर अनुभाग, एम.सी.सी. रूम, बटर सेक्शन तथा बॉयलर कक्ष सहित विभिन्न इकाइयों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने 30 अप्रैल 2026 तक टेस्टिंग का कार्य पूर्ण करने की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टेस्टिंग प्रक्रिया पूरी तरह मानक अनुरूप, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो, ताकि संचालन प्रारंभ होते ही गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्लांट जनपद के दुग्ध उत्पादकों, उपभोक्ताओं तथा स्थानीय रोजगार सृजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

इसके बाद सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल का निरीक्षण किया। इस दौरान मिर्च, बैंगन एवं टमाटर की रोपित फसलों के अलावा हाईटेक नर्सरी में तैयार हो रही टमाटर, शिमला मिर्च, गोभी आदि के पौधों को देखा। जिलाधिकारी ने बीज उत्पादन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण बीज एवं पौध की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।



काऊ मिल्क प्लांट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य।

- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल का भी लिया जायजा

### मारपीट में 8 पर रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ।** खोखा की दुकान पर बैठी महिला के साथ मारपीट करने तथा दुकान से सामान सहित नकद लूटने में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

कस्बा विशुनगढ़ निवासी सायरा बेगम पत्नी इक़लास ने बताया कि रविवार की शाम करीब 7 बजे वह अपने खोखे में बैठी थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर शाकिर पुत्र सुबराती, उसके पुत्र आशिफ, पत्नी रुखसाना, साजिद पुत्र आजाद, उसके पुत्र अमान, असलम पुत्र इसरार, इरसत बेगम पत्नी साजिद, खुर्शीद पुत्र इक़लास, रोशनी बेगम पत्नी खुर्शीद, मुकीम पुत्र इक़लास और फरजाना पत्नी मुकीम ने मिलकर गालीगलौज शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो सभी ने मारपीट कर दी। इस दौरान खोखे से 4-5 हजार रुपये का सामान और नगद 800-900 रुपये चोरी कर लिए।

# बिजली समस्या से भड़के ग्रामीण

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के सराय गोपाल गांव में डेढ़ महीने से बिजली की गंभीर समस्या है। गांव में लगे तीन ट्रांसफार्मरों में से एक अक्सर खराब रहता है। इससे परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या समाधान की मांग की।

मंगलवार को ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो रही है। भीषण गर्मी के बीच घरों में पानी भरने की भी विकट समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। खराब ट्रांसफार्मर में अब तक दो बार आग लग चुकी है। विभाग ने इसमें दो-तीन बार तेल भी डाला, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लाइनमैन को सूचना दी जाती है, वह मौके पर आकर लाइन चालू कर देते हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर इतना जर्जर हो चुका है कि एक-दो घंटे चलने के बाद फिर से जवाब दे जाता है। लाइनमैन अरुण के अनुसार, ट्रांसफार्मर में तकनीकी दिक्कत है, जिसके कारण वह लोड नहीं ले पा रहा है। इस दौरान मसरूफ खां, इमामुद्दीन, कासिम खान अब्दुल कलाम, शाहनवाज, अरविंद दिवाकर, शरीफ खां, किशोर, कमलेश कुमार, अब्दुल, कासिम, अरविंद, दिवाकर, नसीम खां, मोबिन खां, इसरार खां, तालिब खां, किशोर, विजय कुमार, इलियास खां और जीतू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर है। जनपद बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के गांव तिमरुआ निवासी चमन सिंह (21) व मोर सिंह (65) एक ही बाइक पर सवार होकर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र की गांव महमदीयापुर अपनी रिश्तेदारी में दावत देने गए थे। वापस लौटते समय जब वह रायपुर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक पर सवार कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर गढिया निवासी मधु (18) पुत्री संजीव कुमार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मोर सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### हिस्ट्रीशीटर अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**अमृतपुर।** राजेपुर क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव बदनपुर में एक हिस्ट्रीशीटर अवैध हथियार के साथ मौजूद है। इस सूचना पर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान, आरोपी बाबू सिंह पुत्र भगवान सिंह, निवासी बदनपुर, के पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत हथियार और कारतूस को जब्त कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी बाबू सिंह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत, उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने पुष्टि की कि हिस्ट्रीशीटर के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

### पांचालघाट में आग से दो दुकानों का लाखों का सामान राख

**फर्रुखाबाद।** शहर के पांचाल घाट पर मंगलवार देर रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही पांचाल घाट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने में जुट गई। वहीं सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग की चपेट में आकर दो दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह राख हो चुका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग से दुकान मालिक बलवीर सिंह और नारद गुप्ता को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकानों में रखा नकदी, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य जरूरी सामग्री आग की भेंट चढ़ गई, जिससे दोनों दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

### कोतवालों के कार्य क्षेत्र में अदला-बदली

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी को कायमगंज और कायमगंज कोतवाली प्रभारी को मोहम्मदाबाद भेजा गया है। पुलिस कप्तान आरती ने मोहम्मदाबाद कोतवाली में तैनात विनोद कुमार शुक्ला को कायमगंज कोतवाली का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, कायमगंज कोतवाली में कार्यरत मदन मोहन मिश्र को मोहम्मदाबाद कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है। यहां मारपीट के दौरान एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। इस घटना के बाद रविवार रात ही कायमगंज मंडी चौकी प्रभारी को हटा दिया गया था। अब कोतवाली प्रभारी का भी स्थानांतरण कर दिया गया है।

# कश्यप निषाद समाज ने किया बाबा साहब को नमन

## बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कश्यप निषाद संगठन के तत्वावधान में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन देश और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास का सबसे बड़ा माध्यम बताया और सभी को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया।


बाबा साहब डॉ .भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते कश्यप निषाद समाज के लोग।

श्याम सुंदर निषाद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने के लिए समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की, ताकि सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार बाथम, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**विधायक ने आंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण: अमृतपुर/राजपुर।** कस्बा अमृतपुर स्थित आंबेडकर पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अमृतपुर के विधायक सुशील कुमार शाक्य ने संयुक्त रूप से भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन किया।


बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात उन्होंने पुष्प अर्पित किए। विधायक सुशील कुमार शाक्य ने बाबा साहब के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर जिला मंत्री अनुराग सिंह मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी मंडल महामंत्री विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू जितेंद्र प्रताप सिंह राजा साहब मंडल मंत्री कौशलेंद्र सिंह कल्लू पूर्व मंडल महामंत्री उदय प्रताप सिंह रिंकू मंडल मंत्री संदीप तिवारी जिला कार्य समिति सदस्य विश्वनाथ वर्मा मंडल उपाध्यक्ष करुणेश चौहान मंडल उपाध्यक्ष सियाराम कुशवाहा मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र अंबेडकर मंडल मंत्री जितेंद्र प्रताप सिंह राजा साहब मंडल मंत्री कार्यक्रम संचालक सुबोध राठौर मंडल उपाध्यक्ष प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी सौरभ सिंह टिम्मी राजेश शुक्ला करीब एक सैकड़ा भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

**कायमगंज।** कायमगंज में विश्व बंधु परिषद द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।संगोष्ठी में प्रोफेसर रामबाबू मिश्र ने कहा कि डॉ आंबेडकर को दलितों का मसीहा कहा जाता है लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विधि विद्वान एवं राष्ट्रीय कद के नेता थे। उन्होंने समाज में व्याप्त विषमताओं से आहत होकर सनातन हिंदू धर्म को तिलांजलि दे दी लेकिन उनके संविधान में बौद्ध ,जैन तथा सिख पंथों को हिंदू धर्म की शाखाएं माना गया। संविधान सभा ने प्रमुख जनतांत्रिक देशों के संविधानों का अध्ययन करने के बाद संविधान का निर्माण किया जिसका संयोजन व लेखन डॉ आंबेडकर व उनकी टीम ने किया। विवाद की स्थिति में बाबा साहब का निर्णय सर्वमान्य रहा।

### शिक्षा और संगठन ही संघर्ष की मंजिल तय करते हैं : चंद्रपाल सिंह

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में संविधान शिल्पी, भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई।

सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व सभी समाजवादी नेतागणों ने जे. एन. वी. तिराहे पर स्थित बाबा साहब आंबेडकर प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। उसके बाद सभी नेता एवं पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय सभागार में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित कर उनके जीवन मूल्यों, विचारों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया, कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब का एक मात्र मूल-मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो ही हम सबका उद्धार कर सकता है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना की बैठक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना की कानपुर प्रान्त की फर्रुखाबाद इकाई बैठक मंगलवार को ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में अपरान्ह सम्पन्न हुई

संजय श्रीहर्ष सह संगठन मंत्री, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संजय श्रीहर्ष ने बताया कि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना भारतवर्ष के इतिहास की अनेक घटनाओं के प्रामाणिक साक्ष्यों को जुटा रही है जिससे भारत की गौरवशाली एतिहासिक घटनाओं, पात्रों और स्थानों को जनसाधारण के सामने लाया जा सके। यहां के गांव गांव नगर नगर में देवी देवताओं के मंदिर, लोकगीत, मेले , भजन , चित्रकारी पूजा पद्दति, प्रकृति पूजन, पुस्तकें, शिलालेख, पांडुलिपियों के समृद्द खजाने हैं जो हमे गौरवशाली अतीत से जोड़ती हैं। जनपद के प्राचीन काम्पिल्य ,संकाश्य खोरगढ़ आदि नगर में प्रचुर मात्रा में ऐतिहासिक और पौराणिक कालखंड के प्रमाण हैं जिन्हें आगे लाने की आवश्यकता है। काम्पिल्य (फर्रुखाबाद) इकाई के संयोजक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया के इतिहास के शोध, कार्यशालाओं, स्थलीय भ्रमण और बैठकों के माध्यम से निरंतर जनपद इकाई कार्यरत है ।



बैठक में बोलते संजय श्रीहर्ष।

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में आंबेडकर जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संरक्षक शिक्षाविद डॉ बाबू सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ आंबेडकर ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। कुलाधिपति डॉ अनार सिंह ने कहा कि डॉ आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। प्रथम कुलपति एवं सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्र ने विद्यार्थियों से आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। वहीं कुलसचिव रणजीत सिंह ने कहा कि डॉ आंबेडकर का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।


अस्पताल में भर्ती मरीजों के हाल चाल पूछते कुलाधिपति डॉ अनार सिंह व अन्य।

# कंपिल में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, मचा कोहराम

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कंपिल थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के अंदर मिला है। सोमवार देर रात हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 42 वर्षीय आफताब का शव मंगलवार सुबह घर के बरामदे के कमरे में मिला। वह खिड़की के जंगले के सहारे अंगोछे से लटका हुआ था। हालांकि, वह जमीन पर बैठी अवस्था में फंदे से लटका पाया गया, जिससे यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतक के भतीजे शिबू ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे गांव के बच्चों ने आफताब के दरवाजे पर दस्तक दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद मकान की दीवार में बने एक छेद से झांककर देखा गया, तब इस घटना का पता चला। सूचना मिलते ही मृतक के भाई मुस्तकीम और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

उपनिरीक्षक दिनेश कुमार और उमेश कुमार पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके कारण पुलिस ने सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। अंदर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि मुख्य गेट अंदर से बंद था और कमरे में आफताब का शव खिड़की के सहारे फंदे से लटका हुआ था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

# महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को जिला अस्पताल में मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रामा सेंटर में गंदगी देख सफाई के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर पाईं।

मंगलवार को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें लखनऊ डा. पवन कुमार अरुण ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। सबसे पहले ट्रामा सेंटर पहुंचे जहां सफाई बेहतर नहीं थी। इस पर सीएमएस डा. शक्ति बसु को सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान देने के निर्देश दिये। इमरजेंसी वार्ड में व्यवस्थाएं ठीक मिलीं। वार्ड नंबर दो व तीन में मरीजों से उपचार के बारे में जानकारी ली तो नियमित डॉक्टर के आने की बात बताई गई। इसके बाद ब्लड बैंक पहुंचे। जानकारी ली कि ब्लड की खपत नियमित कितनी है? अब तक कितना ब्लड डोनर से मिला है? डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण कर नियमित आने वाले मरीजों के संबंध में जानकारी ली। प्रतिदिन का रिकार्ड भी देखा। लेबर रुम में डाक्टर व स्टाफ नर्स से नियमित प्रसव के लिये आने वाली महिलाओं के संबंध में जानकारी ली। महानिदेशक ने कहा कि जिला अस्पताल में प्रमुख स्थानों पर रेडियम साइन बोर्ड लगाये जायें। साइनेज व रात्रि में रोशनी की पर्यप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये। चिकित्सालय प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।


जिला अस्पताल का निरीक्षण करते महा निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य। अमृत विचार

### शोभायात्रा में जनप्रतिनिधियों ने की पुष्प वर्षा

**छिबरामऊ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

शोभायात्रा ब्लॉक मुख्यालय से शुरू होकर पूर्वी बाईपास, मुख्य बाजार, पश्चिमी बाईपास और बंबा रोड होते हुए बडेपुर स्थित बुद्ध विहार पहुंची। यात्रा में डॉ. अंबेडकर, सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और शहीद भगत सिंह की मनमोहक झांकियां सजाई गई थीं।क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय ने शोभायात्रा में शामिल होकर बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं भाजपा नेता मुनीष मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल ने व सपा नेता रईस मंसूरी ने पूर्वी बाईपास पर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा में मौजूद लोगों का स्वागत किया और स्टॉल लगाकर शीतल जल व जलपान वितरित किया।

# राम रूप शर्मा, रघुराज सिंह के नाम से किए दो प्रमुख मार्ग

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** कस्बा अमृतपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देते हुए मंगलवार को दो प्रमुख सड़कों का नामकरण उनके नाम पर किया गया।

यह पहल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है।जानकारी के अनुसार, देश की आजादी में अपना सर्वोच्च योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम रूप शर्मा एवं ठाकुर रघुराज सिंह के नाम पर इन सड़कों का नाम रखा गया। इनमें से एक सड़क बदायूं मार्ग स्थित बस अड्डे से जूनियर स्कूल होते हुए कस्बे तक जाती है, जबकि दूसरी सड़क बदायूं मार्ग से गैस एजेंसी होते हुए अमृतपुर कस्बे को जोड़ती है।

इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके पौत्र ज्ञान प्रकाश, आशीष कुमार, मनोज सिंह सहित ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह चौहान, अवधेश सिंह राठौर 'भाई जी', मनोज बाजपेई, आलोक बाजपेई, नीरज अवस्थी, अनुराग सोनू अवस्थी, प्रशांत अवस्थी एवं राम मुरारी शुक्ला समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।मार्ग नामकरण के उपलक्ष्य में शिलापट का अनावरण जिला पंचायत राज अधिकारी कपिल कुमार, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल एवं ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी द्वारा किया गया।स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान की प्रेरणा मिलेगी और उनके बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा।

### क्विज में हर्ष ने मारी बाजी

**छिबरामऊ।** आंबेडकर जयंती पर विकास खंड कार्यालय में आयोजित क्विज में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।इसमें हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ओम जी तिवारी द्वितीय एवं उजमा तृतीय स्थान पर रहीं।

कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । दीपांकर आर्य (बीडीओ) एवं ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल सहित विकास खंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता राजेश गौतम ने बाबा साहब के जीवन, प्रतियोगिता का संचालन अच्युत त्रिपाठी एवं योगेश यादव (एआरपी) द्वारा किया गया। राजेश पाठक, अनिल कुमार, आर.डी. सहित विकास खंड का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस** | पुलिस लाइन में आयोजित किया गया कार्यक्रम, दमकल की गाडियों से निकाली जागरूकता रैली

# रैली निकाल शहीद अग्निशमन कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारी व कर्मचारियों ने फ्लैग लगा कर अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस वर्ष का थीम रहा 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नसुरक्षा के प्रति जागरुक समाज- आग की रोकथाम के लिये एक साथ' ।

मंगलवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीदों को मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकीमुल हक ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने सबसे पहले इस कार्यक्रम को क्यो मनाया जाता है इसके वारे में जानकारी दी। बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई बंदरगाह पर 'एसएस फोर्ट स्टिकिन' जहाज में लगी आग और विस्फोट में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने और अग्निकांडों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। इसे अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के रुप में मनाया जाता है। यह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलता है। इस दौरान जागरूकता अभियान, मॉक ड्रिल और रैलियां आयोजित की जाती हैं। लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी जाती है। बाद में अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद पुलिस लाइन से अग्नशमन कर्मियों ने वाहनों के साथ जागरूकता रैली निकाली। यह रैली शहर के अलावा तिर्वा रोड से होकर निकली। एफएसएसओ संदीप तवर के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।


शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्य अग्निशमन अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### दुर्घटना में युवक की मौत का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** कार की टक्कर से पिता की मौत व पुत्र के घायल होने का मुकदमा कार चालक के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज कर लिया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के हईपुर गांव निवासी रिंकू (35) सोमवार को अपने 12 वर्षीय पुत्र शिवदीप के साथ खेत से काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे वे वेग गांव के निकट एक पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई। एटा के थाना अलीगंज के मोहल्ला मेवातियान निवासी चालक तैय्यब खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# जाते-जाते मार्च के विकास कार्यों में पिटे, कन्नौज को 60वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दर्पण पोर्टल यानि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर मार्च की सूबे की रैंकिंग सूची जारी हो चुकी है। अपने कन्नौज का 75 जनपदों में विकास व राजस्व कार्यों का संयुक्त रूप से 46वां स्थान आया है। विकास में पिछड़ने के चलते रैंक 60वीं मिली है।

जारी हुई सूची में कन्नौज को संयुक्त रैंक में 10 नंबरों में 8.98 प्रतिशत मिले हैं। बात अगर कानपुर मंडल के कन्नौज समेत सभी छह जिलों की हो तो औरैया का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। औरैया को संयुक्त रूप से 15वीं रैंक व 9.30 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। इटावा का स्थान 30वां रहा और 9.13 अंक मिले। फर्रुखाबाद को 43वां स्थान और 9.01 अंक, कानपुर नगर को 64वां स्थान व 8.78 फीसदी नंबर, कानपुर देहात को 72वां स्थान व 8.54 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी तरह औरैया को विकास में दूसरी व राजस्व में 47वीं रैंक मिली है। इटावा को विकास व राजस्व में बराबर 32-32वीं रैंक प्राप्त हुई है। फर्रुखाबाद को विकास में 17वीं व राजस्व में 66वीं, कानपुर नगर को विकास में 45वीं व राजस्व में 68 और कानपुर देहात को विकास में 74 व राजस्व में 63वीं रैंक मिली है। बताया जा रहा है कि विकास व राजस्व मामलों में कई विभागों ने बेहतर कार्य किया है तो कुछ का खराब प्रदर्शन भी रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बोरी उतारते समय युवक नाले में गिरा, मौत

**इटावा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तुलसीनगर निवासी बलराम (46) सोमवार रात करीब आठ बजे गेहूं की बोरी उतारकर घर में रख रहे थे। इस दौरान पैर फिसलने से पास के नाले में गिर पड़े। सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गए। परिजन गंभीर हालत में बलराम को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चेकअप के बाद डॉ. शिवम राजपूत ने बलराम को मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर लेकर चले गए।

### फार्मर रजिस्ट्री को विशेष कैम्प आयोजित

**बकेवर।** कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत दिलीपनगर के मजरा मैड़या दिलीपनगर में एक विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवाई और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बीटीएम सत्यपाल सिंह, लेखपाल वालेन्द्र, सचिव नीलेश शाक्य, ग्राम प्रधान विनीता देवी, पंचायत सहायक अल्का राजपूत, बीएलओ विद्यावती एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मारपीट कर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर।** गांव हर्राजपुर के पास स्विमिंग पूल में अपने दोस्तों के साथ नहाने आये चार युवको को दो नामजद सहित अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इकदिल थाना क्षेत्र के ग्राम उधन्पुरा निवासी आर्यन पुत्र देवेन्द्र सिंह ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह गुरुवार को अपने मित्र साहिल, गौतम, प्रियांशू निवासीगण ग्राम मनियांमऊ थाना इकदिल के ग्राम स्विमिंग पूल में नहाने आये हुए थे उसी समय दो नामजद सहित अपने 10,15 अज्ञात लोगों के साथ हाथों में लाठी डंडा और धारदार हथियारों से लैस होकर आये और गाली-गलौज करने लगे जब हम लोगों ने गाली-गलौज करने से मना। किया तो नामजद आरोपित एक राय होकर मार पीट करने लगे उसी दौरान धारदार हथियार से सहिल और आर्यन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गौतम व प्रयांशू को मामूली चोटें आयी थीं। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पीड़ित घायल के शिकायती पत्र पर देवेश कठेरिया, अभिषेक वर्मा के अलावा 10,15लोग अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

### परशुराम सेवा समिति का वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 19 को

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, जिला महामंत्री राज तिवारी आदि ने बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से विचार गोष्ठी व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह माँ जगदम्बा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया जायेगा। उक्त वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति द्वारा 11 महिलाओं व 51 वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, पट्टीका व परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# आग लगने से 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

## चौबिया थाना क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर में हुआ हादसा,फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर में गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार चौबिया थाना क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर में आज दोपहर किसान अपने गेहूं काटकर लेटे हुए थे। तभी खेतों में अचानक आग लग जाने से धुआं उठने लगा। वही जब गांव के कुछ लोगों ने देखा कि खेतों की तरफ काफी तेज धूंआ उठने लगा तो चीखते चिल्लाते हुए दौड़कर खेतों की तरह पहुंचे गांव वालों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास



आग लगने से धू धूकर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

- दमकल विभाग की टीम ने मौके पर जाकर आग पर पाया काबू

किया लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और किसानों की गेहूं की खड़ी करीब 50 बीघा फसल जलकर राख हो गई। इसमें किसान राजीव कुमार पुत्र कायम सिंह 14 बीघा, लज्जाराम पुत्र निवाजी लाल 2 बीघा, राजेंद्र सिंह पुत्र साहब सिंह 16 बीघा, रविंद्र सिंह पुत्र कप्तान सिंह 4 बीघा, बालक राम पुत्र वृंदावन 6 बीघा, शिवराज सिंह 3 बीघा, महावीर सिंह पुत्र वृंदावन 4 बीघा, राम लखन पुत्र वृंदावन 4 बीघा, किसानों की गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई।

ग्राम प्रधान पति प्रेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया आग बुझाने का लेकिन आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची दमकल मशीन व चौबिया पुलिस ने धू धूकर जल रही गेहूं की फसल पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मी और पुलिस कर्मी मिलकर जबतक आग पर काबू पाते तबतक किसानों का काफी नुकसान हो गया।

## ट्रेन के दरवाजे पर बैठे युवक की गिरकर मौत

**कानपुर।** पनकी स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। युवक पिता की दवा लेने इटावा से कानपुर आ रहा था। ट्रेन में सीट न होने के कारण दरवाजे के पास बैठा था, तभी हवा के झोंके में ट्रेन से गिरकर उसकी जान चली गई।

इटावा जनपद के गादीपुरा पुरवानगर निवासी राकेश का 30 वर्षीय बेटा नीरज नगर पालिका परिषद में ठेके पर सफाई कर्मी था। पिता राकेश सांस की बीमारी से पीड़ित है, जिसका कानपुर के डॉक्टर का इलाज चल रहा है। नीरज तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। छोटे भाई राजीव ने बताया कि वह भी सोमवार सुबह नीरज के साथ पिता की दवा लेने आ रहे थे। ट्रेन में सीटें फुल होने के कारण वह दरवाजे के पास खड़े थे, तभी तेज हवा के झोंके में भाऊपुर से पनकी के बीच वह नीचे जा गिरे। अगले स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर उसने जीआरपी को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। वहीं राजीव ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला युवती का शव

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव गंगौरा में मंगलवार की सुबह एक बीस वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घर के बाहर जानवरों को चारा डाल रही मां ने बेटी को आवाज लगाई काफी देर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर जब मां ने अंदर जाकर देखा तो बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

क्षेत्र के गांव गंगौरा निवासी धर्मेंद्र की 20 वर्षीय बेटी सुमन ने मंगलवार सुबह घर के कमरे में लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घर के बाहर जानवरों को चारा दे रही मां मंजू देवी ने बेटी को कई आवाजें लगाई लेकिन जब काफी देर तक घर के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तब मां ने घर के अंदर जाकर देखा तो सुमन का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। बेटी को फंदे पर लटका देखकर मां चीख उठी। चीख पुकार सुन पड़ोसी तथा परिजन घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

घटना के समय पिता तथा बड़ा भाई कन्हैया खेतों में गेहूं काटने के लिए गए हुए थे। तथा मां घर के बाहर जानवरों को चारा दे रही थी तभी सुमन ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतका दो बहन तथा दो भाइयों में तीसरे नम्बर की थी। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। तथा छोटा भाई बाहर रहकर पढ़ाई कर रहा है। मृतका सुमन ने दो वर्ष पूर्व ही 12 की परीक्षा पास की थी। जिसके बाद से वो घर पर ही रह रही थी। परिजनों ने बताया कि सुबह सब कुछ सामान्य था अचानक सुमन ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसके सम्बन्ध में कुछ कहा नहीं जा सकता। थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना प्राप्त हुई थी।

# बैसाखी खुशियों, समृद्धि और संकल्प का त्योहार है : तरन पाल

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** उत्साह, उमंग, खुशियों और संकल्प का त्योहार खालसा साजना दिवस बैसाखी परम्परागत उल्लास और उत्साह के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब धार्मिक जयकारों के जाप से गूंजता रहा। गुरुद्वारा में बैसाखी पर श्रद्धालुओं ने अखण्ड पाठ में भाग लिया। गुरुद्वारा में सजे दरबार के दौरान रागी जत्थे द्वारा मधुर शब्द कीर्तन गायन किया गया। बच्चों ने धार्मिक कविता, पाठ में भी भाग लिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में आने वाली सभी संगत, श्रद्धालू, स्त्री, नौजवान, बड़े और बच्चों ने सभी के भले की सुख समृद्धि के लिये अरदास की।

बैशाखी पर्व पर प्रकाश डालते हुये गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरन पाल सिंह कालरा ने बताया कि



गुरुद्वारा में अरदास करते भक्तगण। अमृत विचार

बैसाखी मुख्य रूप से समृद्धि, खुशियों और संकल्प का त्योहार है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। श्री गुरुगोविंद सिंह जी ने बैसाखी के विशाल समागम में कौम के लिए शहीदी के जजबे की पांच सिक्खों की परीक्षा ली, गुरु और सिक्ख धर्म के प्रति पांच सिक्खों की निष्ठा और समर्पण को देखते हुये गुरु साहिब ने उन्हें अमृत छकाया और पंच प्यारों का नाम दिया। पंच प्यारों को अमृत छकाने के बाद गुरु साहिब ने स्वयं भी पंच प्यारों से अमृत ग्रहण किया। इस पावन मौके पर गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ने नवजात बच्चों का नामकरण किया व उनको अमृतपान कराया। इस अवसर पर अखण्ड पाठ साहिब करवाने वाले दीपिंदर अरोड़ा को सिरोपा भेंट किया। बैसाखी पर गुरुद्वारा में सभी के भले की अरदास की गई। इस अवसर पर सरदार मनदीप सिंह, चरनजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह, गुरमीत सिंह साहनी, त्रिलोचन सिंह व साहिब सिंह ने मिलकर सहयोग के लिये गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सभी का आभार जताया और कमेटी ने सभी को वैशाखी की बधाई दी।

## भारत स्काउट और गाइड इटावा की बैठक संपंन

**इटावा।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज के सभागार में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल मयंक शर्मा के मार्गदर्शन में जिला कार्यकारिणी एवं वित्त समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के विभिन्न कार्यों की समीक्षा तथा आगामी सत्र 2026-27 के कार्यक्रमों की रुपरेखा एवं कार्ययोजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गुणवत्ता परक कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद मुख्यालय आयुक्त डॉ मुकेश यादव, जिला आयुक्त (गाइड) मंजू भदौरिया, जिला सचिव रवीन्द्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य सनातन धर्म इंटर कॉलेज संजय कुमार शर्मा, सहायक जिला आयुक्त स्काउट प्रधानाचार्य इस्लामिया इंटर कॉलेज गुफरान अहमद, जिला संगठन आयुक्त स्काउट कुलदीप कुमार, अच्युत कुमार आदि रहे।

# वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व का किया बखान

संवाददाता कुसमरा मैनपुरी

**अमृत विचार।** नगर सहित क्षेत्र में डॉ.भीमराव आंबेडकर जी की जयंती को धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवियों के अलावा राजनैतिक लोगों ने भी आंबेडकर जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती को धूमधाम से मनाया।

क्षेत्र के ग्राम पदमपुर में पूर्व प्रधान सूरज सिंह यादव के आवास पर सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। इस अवसर पर जिप सदस्य नरेन्द्र सिंह यादव ने भीमराव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी में डॉक्टर साहब का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने हमेशा जाति धर्म से उठकर समाज के लिए कार्य किया। विद्याराम मुनीम ने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव जी ने हमेशा दलित शोषित



कुसमरा क्षेत्र के ग्राम पदमपुर में अंबडेकर जयंती पर माल्यार्पण करते पूर्व प्रधान आदि।

व पीड़ित के लिए काम किया था। आज कुछ लोग संविधान को मिटाना चाहते हैं। इसलिए हम लोगों को जागरूक होना चाहिए और ऐसी ताकतों के सपने कभी पूरे न हों। इसके लिए हम लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।

इसके अलावा क्षेत्र के बीरेंद्र सिंह स्मारक इंटर कालेज में बाबा साहब की जयंती पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें याद किया। पदमपुर में आयोजित कार्यक्रम में संजीव श्रीवास्तव, रामचरण जाटव, जागेश्वर कठेरिया, नरेन्द्र जाटव, मुरारीलाल कठेरिया, किशनलाल यादव, रामसिंह यादव, राजेन्द्र यादव, हृदयराम सिंह, रनवीर सिंह, गंगाराम यादव, देवेन्द्र यादव, सर्वेश यादव, प्रमोद कुमार, आशीष यादव, ताहर सिंह, महिपाल सिंह, शिशुपाल यादव, रमेश डीलर, रामप्रकाश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बब्बर शेर गीगो हुआ बीमार

**इटावा।** सफारी पार्क का बब्बर शेर गीगो पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा है। वह सामान्य रूप से खाना तो खा रहा है लेकिन करीब एक सप्ताह से मल त्याग नहीं कर रहा है।

सफारी पार्क में वन्यजीव चिकित्सकों की टीम लगातार उसका इलाज कर रही है। सफारी पार्क प्रशासन के अनुसार वर्ष 2014 में गुजरात के जूनागढ़ से लाया गया बब्बर शेर गीगो बीते 7 से 8 दिनों से बीमार है हालांकि वह अपना आहार सामान्य रूप से ले रहा है जिससे डॉक्टरों को उम्मीद बनी हुई है और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। वन्यजीव चिकित्सकों का कहना है कि गीगो की उम्र 17 वर्ष से अधिक हो चुकी है जो बब्बर शेरों के लिए अधिक मानी जाती है। इसी कारण उसे मल त्याग में दिक्कत हो रही है। डॉक्टरों की टीम लगातार दवाइयों और अन्य उपायों से उसे राहत दिलाने का प्रयास कर रही है।

# सभी ने बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जिले में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती घूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर जगह जगह शोभायाक्ष निकाली गई। गोष्ठियों का भी आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के शिवपाल सिंह यादव ने कोठी कैस्त स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ गांव डुडहा व धरवार में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने दुनिया के विभिन्न संविधानों का अध्ययन कर भारत को एक सशक्त संविधान दिया, जिसके चलते आज हर नागरिक को अपने अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। राजनीतिक संदर्भ में उन्होंने विधानसभा चुनाव 2027 का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी



बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शिवपाल सिंह यादव।





आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता।



आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार शाक्य, राहुल गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, सुभाष गुप्ता, आशुतोष टोनू यादव आदि मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ भाजपा कार्यालय पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

- जगह जगह हुए कार्यकम व गोष्ठियों का आयोजन

भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब केवल एक महान व्यक्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच हैं जो समाज के हर वर्ग को समान अधिकार देने की बात करती है। आंबेडकर ने शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का कार्य किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, कृपानारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, अभिषेक मिश्रा, प्रीति दुबे, सुरेश राजपूत, राजकुमार वर्मा, समीर सक्सेना सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस कार्यालय पर भारतीय संविधान के नायक भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस जिलाअध्यक्ष आशुतोष दीक्षित शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने समस्त कांग्रेसजनों के साथ माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष श्री दीक्षित ने कलेक्ट्रेट बुद्ध बिहार एवं पुराना बिजलीघर स्थित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अतुल आक्रोश दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, सुरेंद्र प्रताप सिंह चौहान, वाचस्पति द्विवेदी, डॉ आर.बी. सिंह पाल, आशाराम कठेरिया, अवनीश वर्मा, अनुराग कर्ण, शौजब रिज़वी आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आसिफ ज़ादरान ने किया। इसके अलावा जिले के भरथना बकेवर लखना व जसंवत नगर में अंबेडकर जयंती मनाई गई। शोभायात्रा भी निकाली गई। शहर के अजीत नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के साबितगंज, नौरंगा बाद, बलराम सिंह चौराहा, शास्त्रर चौराहा होती हुई बुद्व बिहार आंबेडकर चौराहे पर समाप्त हुई।

आयोजन

बच्चों से डॉ. आंबेडकर के आदर्शो पर चलने का किया गया आह्वान

# स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती आज जिले में हर्षोल्लास से मनाई गई, जगह जगह शोभायात्राएं निकाली गईं और गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

करवाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने मां सरस्वती व बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने कहा कि हमें बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख



ज्ञान स्थली स्कूल में आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।





पान कुअंर में माल्यार्पण के बाद मौजूद प्रधानाचार्य अरविंद्र तोमर व शिक्षक।



थियोसोफीकल स्कूल में गोष्ठी को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य अनपू मिश्रा।

शिवमंगल, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

मानिकपुर बाईपास स्थित पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आंबेडकर जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने समस्त शिक्षकों के साथ मिलकर डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य श्री तोमर ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और विद्यार्थियों को भी उनके विचारों से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

थियोसोफिकल इंटर कॉलेज में भारत रत्न डॉ. आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित समस्त अध्यापकगण, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। उन्होंने भारत के संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. के.के. सक्सेना, प्रबंधक अवधेश नारायण तिवारी, सचिव अशोक कुमार चतुर्वेदी सहित समस्त अध्यापकगण रहे।

## नीलकंठ मंदिर पर हुआ भजन संध्या कार्यक्रम

**इटावा।** शहर के प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर पर वरुथिनी एकादशी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद इटावा व नीलकंठ सेवा समिति की तरफ से बीती रात्रि बाहर से आए कलाकारों द्वारा शिव भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर पर भोले बाबा का भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया तथा हजारों भक्तों ने मंदिर पर पूजा अर्चना कर भजन संध्या में शामिल होकर हर-हर महादेव के भजन गाये तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायका सरिता भदौरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व भाजपा नेता प्रशान्त चौबे प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

**कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर**

पत्रांक :- 57 / न0पं0कु0 / पार्किंग नीलामी / 2026-27 दिनांक : 13.04.2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुरारा जनपद हमीरपुर के वर्ष 2026-27 की अवधि के लिए निम्नांकित ठेकों की नीलामी बोली दिनांक 17/04/2026 को कार्यालय नगर पंचायत कुरारा में अपरहान्य 2.00 बजे करायी जायेगी। निर्धारित तिथि पर बोली सम्पन्न न होने पर नीलामी बोली की अग्रिम तिथि दिनांक 18/04/2026 को सम्पन्न करायी जाएगी, तथा इस दिनांक में भी नीलामी बोली सम्पन्न न होने पर नीलामी बोली दिनांक 20/04/2026 को सम्पन्न करायी जाएगी। जो व्यक्ति नीलामी बोली में भाग लेना चाहते हों वह निर्धारित शर्तो के तहत नीलामी बोली में भाग ले सकते है। नीलामी शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है जिनका प्रकाशन कार्यालय नोटिस बोर्ड पर कर दिया गया है।

**नीलामी ठेकों का विवरण**

4. पार्किंग शुल्क वर्ष 2026-27 जमानत धनराशि- 50000/-
5. हड्डी चमड़ा संग्रह वर्ष 2026-27 जमानत धनराशि - 2000/-
6. विज्ञापन शुल्क वसूली वर्ष 2026-27 जमानत धनराशि 2000/-

**अधिशाषी अधिकारी** नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर — **अध्यक्ष** नगर पंचायत कुरारा हमीरपुर

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 15 अप्रैल 2026



न्यूज ब्रीफ

## युवक ने ट्रेन के आगे कूदने का किया प्रयास राहगीरों ने बचाया

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के रेलवे फाटक 13-बी क्रॉसिंग पर मंगलवार दोपहर एक युवक ने पत्नी से नाराज होकर ट्रेन के आगे कूदकर जान देने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को ट्रैक से खींचकर बचा लिया। जानकारी के अनुसार, गांव वंशी की छोटी मंडैया निवासी शाहिद (40) पुत्र रफीक खान दोपहर करीब 1:30 बजे रेलवे ट्रैक पर खड़ा हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे देख लिया और तुरंत खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले आए। घटना की सूचना गेटमैन राकेश मीणा ने आरपीएफ को दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ कर्मी जितेंद्र कुमार ने युवक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## इफको का नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान शुरू

**दिबियापुर, औरैया।** इफको द्वारा देशभर में चलाए जा रहे नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत प्रचार रथ 21 अप्रैल को वाराणसी पहुंचेगा। इस अभियान का शुभारंभ इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। अभियान के अंतर्गत देश के 19 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों में किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वाराणसी में इस रथ के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, कम लागत में अधिक उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी जाएगी। इफको के अधिकारियों के अनुसार नैनो उर्वरक पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का प्रभावी विकल्प हैं, जिससे खेती की लागत कम होती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है।

## संकट मोचन मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण, श्रद्धा के बीच भव्य आयोजन

**औरैया।** शहर के लेडीज मार्केट स्थित संकट मोचन मंदिर के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों की सुंदर सजावट ने पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया। विशेष पूजा-अर्चना के दौरान पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और पवित्र हो उठा।इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**जालौन।** मोहल्ला फर्दनवीस में तैनात सफाई कर्मचारी द्वारा नियमित सफाई न किए जाने से मोहल्लावासी ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी देवीदयाल वर्मा ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके मोहल्ले में पूर्व में नगर पालिका द्वारा जो सफाईकर्मी नियुक्त किया गया था, वह नियमित सफाई करता था। लेकिन कुछ समय पूर्व नगर पालिका द्वारा उस सफाईकर्मी को हटाकर दूसरे सफाई कर्मचारी की नियुक्ति कर दी गई है। आरोप लगाया कि दूसरा सफाई कर्मचारी मोहल्ले में नियमित सफाई नहीं करता है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी बनी रहती है। उन्होंने मांग की है कि मोहल्ले की सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए।

# जिले में आंबेडकर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## जगह-जगह लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन, विचारों व योगदान पर चर्चा की गई

औरैया टीम

**अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर बेला में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर व झबरा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्रीय जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आयोजन को उत्साहपूर्वक मनाया। शोभायात्रा में शामिल लोग डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन, विचारों व योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर राजकुमार, अवधेश कुमार, शीलू, जगमोहन सिंह, राजेन्द्र सिंह, अभय प्रताप, भारत सिंह, रघुवीर दोहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे और पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

**अजीतमल संवाददाता के अनुसार** तहसील क्षेत्र के कस्बा बाबरपुर में मंगलवार को भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता और सेवा भाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर पर सभासद दीपक धनपत (दीपक धनपत ज्वेलर्स) द्वारा राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए जलपान की उत्तम व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर जलपान ग्रहण किया और बाबा साहब को नमन किया। आयोजक दीपक धनपत ने कहा कि आज हम जो भी हैं, वह बाबा साहब के योगदान का ही परिणाम है। उन्होंने समाज को शिक्षा और समानता का अधिकार दिलाया, जिससे आज हम सभी सम्मानपूर्वक जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 14 अप्रैल को इसी प्रकार सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं, ताकि नई पीढ़ी बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा ले सके।

गौरतलब है कि 14 अप्रैल को पूरे देश में बाबा साहब की जयंती 'भीम जयंती' के रूप में मनाई जाती है। इस दिन विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान को याद किया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय सिंघानिया (चश्मा वाले), दीपक धनपत ज्वेलर्स, जनडैल सिंह (पूर्व सभासद), आरके मोबाइल के रोहित, कल्लू दुबे, दीपक इलेक्ट्रॉनिक, उमाशंकर द्विवेदी, अमित सोनी, मोनू प्रजापति, आसाराम कंपनी कमांडर, सनी ढोसा वाले, बाबू सिंह दद्दा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।


अजीतमल में शर्बत वितरित करते लोग। अमृत विचार


अछल्दा में रैली के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**अछल्दा संवाददाता के अनुसार** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं रैली का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों—मुहम्मदाबाद, नगरिया, दलीपपुर, बझेरा, घसारा, छछुंद सहित आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। रैली की शुरुआत ब्लॉक रोड से हुई, जो ब्लॉक चौराहे से होते हुए हरीगंज बाजार, सराय बाजार और नहर बाजार के मुख्य मार्गों से गुजरी। पूरे मार्ग में "जय भीम" और बाबा साहब अमर रहें के नारों से वातावरण गूंजता रहा।

रैली में शामिल युवा बैंड और डीजे की धुनों पर थिरकते नजर आए। हाथों में बाबा साहब की प्रतिमा लेकर युवा "जय भीम" के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। महिलाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। रैली जैसे ही रेलवे फाटक क्षेत्र से आगे बढ़ी, भीड़ इतनी अधिक हो गई कि कतार आदर्श इंटर कॉलेज तक पहुंच गई। इस दौरान पूरे कस्बे में मेले जैसा दृश्य देखने को मिला।

अंततः यह विशाल रैली अछल्दा नहर बाजार स्थित आंबेडकर पार्क पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ। समापन के अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक समता के लिए किए गए प्रयासों को याद करते हुए लोगों से उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

रैली के दौरान जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। नहर बाजार में श्री गोविंद इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा विशेष रूप से जलपान की व्यवस्था कराई गई, वहीं समाजसेवी हर्षित पोरवाल ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस अवसर पर सपा विधायक प्रदीप यादव, नगर चेयरमैन अरुण कुमार दुबे, पूर्व चेयरमैन राजू पोरवाल, पूर्व सपा अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, जमील खान, की भी सहभागिता रही।

### फफूंद में भी संविधान शिल्पी को किया याद

■ **फफूंद।** आधुनिक भारत के निर्माता और संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को फफूंद में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा साहब के सम्मान में निकाली गई। भव्य शोभायात्राओं ने पूरे क्षेत्र को 'भीममय' कर दिया। गगनभेदी नारों और डीजे पर बजते भीम गीतों के बीच हजारों अनुयायियों ने बाबा साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। आंबेडकर जयंती पर फफूंद क्षेत्र के ग्राम सिम्हारा, माहतेपुर, फक्कड़पुर, उजीतीपुर, पाता, सल्हापुर और तुलसीपुर समेत दर्जनों गाँवों से अलग-अलग रैलियां गाजे-बाजे के साथ रवाना हुईं। गले में नीली पट्टी और हाथों में बाबा साहेब की तस्वीर वाले झंडे लिए युवा और बुजुर्ग डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। जब ये सभी रैलियां नगर फफूंद के प्रमुख मार्गों पर पहुंचीं तो नजारा देखते ही बनता था। शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए समाजसेवियों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत स्टाल लगाए गए, जहां रैली में शामिल लोगों के लिए लंच पैकेट, फल, शर्बत और शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। समाजसेवियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और समाज की एकता का संदेश दिया। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। थाना अध्यक्ष फपूंद अजय कुमार खुद भारी पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाले रहे। उन्होंने रैली मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात की ताकि यातायात बाधित न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। वहीं दूसरी ओर दिबियापुर क्षेत्र में एनटीपीसी गेट के पास स्थित नई ऊर्जा फाउंडेशन के कार्यालय पर जयंती का विशेष आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कमल कुमार सिंह डिप्टी कलेक्टर जनपद औरैया ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। इस दौरान संजय कुमार समेत दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।

# फफूंद में कई मकानों में पड़ीं खतरनाक दरारें, दहशत में लोग

संवाददाता फफूंद

- पानी की पाइपलाइन लीकेज की आशंका
- लोगों ने जल निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार।** जनपद के फफूंद कस्बे के मोहल्ला तिवारियान में उस समय हड़कंप मच गया, जब कई मकानों में अचानक गहरी दरारें दिखाई देने लगीं। देखते ही देखते यह समस्या कई घरों तक फैल गई, जिससे स्थानीय लोगों में भय और दहशत का माहौल बन गया है।

मोहल्ले के निवासियों मुखिया, आशीष कुमार कमलेश कुमार, अभिषेक शुक्ला, अरुण कुमार, सर्वेश चंद्र, आनंद कुमार के अनुसार, बीते कुछ दिनों से घरों की दीवारों और फर्श में दरारें पड़नी शुरू हुईं, जो धीरे-धीरे चौड़ी होती जा रही हैं। कुछ मकानों की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि उनमें रहना भी जोखिम भरा हो गया है। लोगों ने आशंका जताई है कि यह समस्या भूमिगत पानी की पाइपलाइन में लीकेज के कारण उत्पन्न हो रही है, जिससे जमीन धंस रही है और मकानों की नींव कमजोर पड़ रही है। मुहल्ले निवासी पीड़ित मुखिया ने बताया कि अचानक दीवारों में दरारें आना शुरू हो गईं, जिससे परिवार के लोग बेहद डरे हुए हैं। रात में सोना भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि किसी बड़े हादसे का डर बना रहता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच कराने, पाइपलाइन लीकेज को ठीक कराने तथा प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल पूरा मोहल्ला भय के साये में जीने को मजबूर है। लोगों ने जल निगम की कार्यदायी संस्था पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


घरों में पड़ी दरार। अमृत विचार

# डॉ. आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती नगर एवं क्षेत्र में बेहद उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई।

तहसील ग्राउंड से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे और झांकियों के साथ निकली। शोभायात्रा बिधूना किशनी मार्ग बाईपास मार्ग लोहा मंडी अछल्दा रोड होते हुए अम्बेडकर पार्क में पहुंची जहां लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एक जनसभा के साथ रैली का समापन किया गया। इससे पूर्व रैली के दौरान कस्बे के मुख्य चौराहे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ-साथ शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के आदर्शों को याद किया गया और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने संविधान निर्माता के दिखाए गए मार्ग और उनके आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा

सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम किए गए। रैली के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी बिधूना पुनीत मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान, निरीक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक शंभूनाथ, सुहेलखान, गंगासागर समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए।

कस्बे के अन्य सरकारी कार्यालयों और विभिन्न संगठनों ने भी इस खास दिन पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को अपनी भावांजलि अर्पित की। शोभायात्रा और सभा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, अभय सिंह सेंगर एडवोकेट, जिपंस अवनेश चक, बंटू राव दिवाकर पूर्व प्रशासक जिला सहकारी बैंक इटावा, कुलदीप कठेरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, वेदप्रकाश गौतम, प्रशांत सागर, प्रमोद भास्कर, बलवंत सिंह, राजीव कुमार दोहरे समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उधर ताजपुर बिधूना के मजरा किंदरा पुर्वा में समाजसेवी विपिन अवस्थी ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा डाक्टर भीमराव आंबेडकर ने समाज के दबे पिसे वंचित लोगों को मुख्य धारा से जोडने का कार्य किया।


डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

## बच्चों को बांटीं कापियां

**जालौन।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा के पदाधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय कुठौंदा बुजुर्ग में बच्चों को निःशुलक कॉपियां वितरित की हैं। भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा के अध्यक्ष सुशील बाजपेयी, अशोक गुप्ता, डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, डॉ. बृजेंद्र दुबे, अरविंद बाजपेयी, अभिषेक गोस्वामी, दिनेश कुमार दीक्षित आदि कुठौंदा बुजुर्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे।इसी क्रम में परिषद के सदस्य सारंगपुर स्थित परिषदीय विद्यालयों में पहुंचे। जहां प्राथमिक विद्यालय में मौजूद 75 बच्चों को निःशुल्क चार-चार कॉपियां वितरित कीं ।

# सामाजिक एकता के प्रतीक थे डॉ.आंबेडकर

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की 135वीं जयंती नगर व क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान सरकारी कार्यालयों तथा नगर एवं क्षेत्र स्थित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें सामाजिक न्याय और एकता तथा समानता का प्रतीक बताया गया।

डॉ. भीम राव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू छावनी में हुआ था। उन्हें भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है। सभी दलों ने मंगलवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और समाज हित में किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला । बसपा ने भी हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बाबा साहब के बताये और बनाए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाकर शिक्षा को अपना हथियार बनाने का भी आवाह्न किया गया। इस मौके पर तहसील सभागार में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक परिवर्तक बताया ।

जलशक्ति मन्त्री के प्रति निधि की अगुआई मे भाजपाइयों ने नगर स्थित आंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राजकुमार गुप्ता रविंद्र नाथ गुप्ता , रविंद्र पुरवार दीपक धवन , सज्जन महाराज भगवान दास , संजय वर्मा , शशिकांत चौहान राजेश द्विवेदी बाबू सिंह यादव जीतू तिवारी , सुनील पटवा प्रदीप तिवारी संदीप शर्मा सुभाष परमार अतुल गुप्ता देवेंद्र गुप्ता रामआसरे सोनी विनोद खत्री राकेश पुरवार दादा पप्पू यादव , राकेश पुरवार यतेंद्र राजावत, बृजेंद्र सिंह ,मोहन शुक्ला मौजूद रहे।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा दलित बस्ती उदनपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।


डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाते लोग। अमृत विचार

# जहरीला पदार्थ खाने से छात्रा की सैफई में हुई मौत

संवाददाता अयाना

**अमृत विचार।** थाना के पास स्कूल आ रही छात्रा ने सोमवार सुबह जहरीला पदार्थ निगल लिया था, इससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। मंगलवार को छात्रा की सैफई में इलाज के दौरान मौत हो गई।

अयाना थाना से करीब 800 मीटर दूरी पर एक 17 वर्षीय छात्रा ने सोमवार सुबह 11 बजे के करीब कोल्ड ड्रिंक में ज़हरीला पदार्थ निगल लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट, बैग व एक कोल्डड्रिंक की बोतल जिसमें जहरीला पदार्थ मिला था। साथ ही सल्फास के खाली पाउच पड़े मिले। पुलिस ने उसको सीएचसी अयाना में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई रेफर कर दिया था। वहां इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि छात्रा ने सुसाइड नोट में परिवार व इटावा निवासी रिश्तेदार सहित पांच लोगों पर प्रताड़ित करने व सितंबर माह में मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।

निरीक्षण | महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रंजना दुबे ने सीएचसी का निरीक्षण किया

# शासन को भेजा जाएगा ट्रॉमा सेंटर का प्रपोजल

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** सीएचसी में ट्रॉमा सेंटर के लिए प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। यह बात महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रंजना दुबे ने मंगलवार को सीएचसी के निरीक्षण के दौरान कही। कहा कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी और हेल्थ एटीएम मशीन को भी सही कराया जाएगा।

महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रंजना खरे मंगलवार को सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं के निरीक्षण के लिए पहुंची। जहां उन्होंने अस्पताल में जनरल वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, ओटी, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। जिसमें व्यवस्थाओं से वह संतुष्ट दिखीं। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी जानकारी ली। सीएचसी में एक्सरे मशीन तो है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट न होने की बात पर उन्होंने कहा कि वह जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती का प्रयास करेंगी। वहीं, हेल्थ एटीएम खराब होने की बात पर उन्होंने बताया कि इसको भी सही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएचसी को रेफर सेंटर न बनाया जाए। मरीजा की स्थिति की गंभीरता को देखकर ही उसे रेफर किया जाए। हड्डी रोग विशेषज्ञ की बात पर उन्होंने कहा कि सीएचसी में ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने का प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। ताकि मरीजों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. अरविंद भूषण, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कपिल गुप्ता, डॉ. विनोद राजपूत आदि रहे।


सीएचसी में निरीक्षण करतीं महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रंजना खरे।

## वैन की टक्कर से मामा-भांजी घायल

**दिबियापुर, औरैया।** मंगलवार को औरैया रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वैन की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजी गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव अमौआहार निवासी चरन सिंह पुत्र सोनेलाल अपनी भांजी गीता पत्नी दीपक निवासी लखनापुर के साथ बाइक से औरैया में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रही अज्ञात वैन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय गीता की गोद में बैठी उसकी तीन वर्षीय पुत्री आरोही बाल-बाल बच गई, जिससे एक बड़ा हादसा बच गया। पुलिस जांच कर रही है।

# सीआईएसएफ फायर विंग ने मनाया अग्निशमन सेवा सप्ताह

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** एनटीपीसी में सीआईएसएफ की फायर विंग यूनिट द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 का शुभारंभ श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को एनटीपीसी के जीएम शुभाषीश गुहा ने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर की। उन्होंने कहा कि यह घटना साहस, निष्ठा और बलिदान का प्रतीक है।

कार्यक्रम के तहत सप्ताह भर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

ॉइनमें फायर सेफ्टी अवेयरनेस अभियान, मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण सत्र, निकासी अभ्यास तथा प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण शामिल हैं। इन गतिविधियों में कर्मचारियों, छाओं और गृहणियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित हो सके।इस मौके पर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अमित कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सतत प्रशिक्षण और जनजागरूकता से ही अग्नि जोखिम को कम किया जा सकता है। अग्निशमन सेवा सप्ताह हमें शहीदों के बलिदान की याद दिलाने के साथ-साथ स्वयं भी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है।उन्होंने बताया कि अप्रैल 2025 से अप्रैल 2026 के बीच सीआईएसएफ फायर विंग दिबियापुर ने कुल 28 अग्निकांडों पर सफलतापूर्वक काबू पाया, जिनमें 4 घटनाएं प्लांट क्षेत्र और 24 बाहरी क्षेत्रों में हुईं। यह उनकी तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह की थीम स्कूल, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।

न्यूज ब्रीफ

### युवक को कुत्ते ने काटा

**मौदहा (हमीरपुर)।** अपने निजी काम से तहसील आए युवक को आवारा कुत्ते ने काट लिया। खून से लथपथ युवक को अधिवक्ताओं में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्र बम्हरौली गांव निवासी युवक दिनेश (23) पुत्र श्याम बाबू अपने निजी काम से मंगलवार को तहसील आया हुआ था। कामकाज निपटने के उपरांत जैसे ही घर जाने को हुआ कि आवारा कुत्तों ने दिनेश को काट लिया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हालत बिगड़ी

**मौदहा (हमीरपुर)।** महोबा जनपद के खन्ना गांव निवासी निशा (20) पुत्री नसीम सोमवार की देर रात पंखे को मोड़ कर अपनी तरफ करते समय पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गई। परिजनों को जानकारी होने पर गंभीर अवस्था में आनन-फानन उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### तीन लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा निवासी रावेन्द्र सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते रविवार रात दस बजे वह मीरा तालाब एक तेरहवीं संस्कार में शामिल होने जा रहा था। तभी मस्जिद के निकट पहले से घात लगाए चंदन सिंह, नन्दन सिंह और सपना सिंह ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे और धारदार हथियार से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### युवक के खिलाफ मारपीट कर रिपोर्ट दर्ज कराई

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी किसान मुन्नालाल पुत्र रामनाथ प्रजापति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि दूसरे के थ्रेसर से गेहूं की फसल की कतराई करा लेने से गांव का दीपू पुत्र राम स्वरूप यादव नाराज हो गया है। कतराई कराकर लाए गए गेहूं को घर के अंदर डालते समय युवक ने आकर लाठी से मारपीट कर दी। लोगों के बीच बचाव करने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि तहरीर मिली है, युवक को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

### चोरी के इरादे से घुसे युवक को परिजनों ने पकड़ा, भाग गया

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी कारण पुत्र केशराम श्रीवास ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की रात 9:00 बजे के करीब खाना खाकर सपरिवार सो गए। रात 1:00 बजे करीब गांव का लक्ष्मी प्रसाद पुत्र रामकुमार पीछे की दीवार को फांदकर घर के अंदर घुस आया और पुत्री के पैर में पहने पायल को खोलने लगा। तभी पुत्री की नींद खुल गई। उसके शोर मचाने पर परिजनों की भी नींद खुल गई। परिजनों ने पुत्री के कमरे में जाकर उसको पकड़ लिया। वह युवक के पिता को बुलाने के लिए चला गया। तभी युवक मां पुत्री को झटका मार हाथ छुड़ाकर भाग गया है। पिता ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# खंभे से टकराई बाइक, वृद्ध की थम गईं सांसें, युवक घायल

## बिगहना गांव के नजदीक हुआ हादसा, कस्बे से मुटनी जा रहे थे दोनों, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव बिगहना के नजदीक वृद्ध सहित दो बाइक सवार खम्भे से टकरा गए। जिसमें वृद्ध की मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है।



जूनियर।

कस्बे के बाघा मोहल्ला निवासी जूनियर (60) पुत्र मोहम्मद शफी और मुटनी गांव निवासी मुख्तार (40) पुत्र लल्लू खां सोमवार की रात बाइक से कस्बे से मुटनी जा रहे थे। तभी बिगहना गांव के नजदीक उनकी बाइक एक खंभे से टकरा गई। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कस्बे के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने जूनियर को मृत घोषित कर दिया है और मुख्तार की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया है। जूनियर कई दशक से रायपुर में रहता था। एक शादी में शामिल होने के लिए कस्बे आया था। मृतक अपने पीछे एक पुत्र, पुत्री सहित पत्नी को छोड़ गया है।

### बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, तीन अन्य घायल



राहुल।



ऋषि राजपूत।

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के धगवां मार्ग पर बीती रात दो बाइक सवारों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं शवों का पोस्टमार्टम कराया है। सोमवार की देर रात सरीला कस्बा निवासी राहुल वाल्मीकि (28) पुत्र महेश अपने साथी रामू (25) पुत्र रामबाबू और जितेंद्र (30) पुत्र रामपाल के साथ रिश्तेदारी में कुंआ पूजन में शामिल होने के लिए जालौन जिले के कहटा गांव जा रहा था। वहीं चंडौत गांव निवासी ऋषि राजपूत (30) पुत्र माता प्रसाद अपने साथी रवि (28) पुत्र श्रीपाल के साथ बाइक से कस्बे जा रहा था। जरिया थाने के धगवां मार्ग पर झबरा के पास दोनों बाइक सवारों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी बाइक सवार उछलकर सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने ऋषि व राहुल को मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। वहीं तीनों घायलों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक नगर पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर निवासी संदीप सिंह (30) पुत्र मुख्तार सिंह बाइक से हार्वेस्टर मशीन देखने जा रहा था। तभी बिगहना के निकट बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क पर गिर घायल हो गया। लहुलुहान हालात में लोगों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी प्रकार इगोहटा गांव निवासी हिमांशु (17) पुत्र मुकेश बाइक से कस्बे की ओर आते समय मकरावं के निकट सड़क पर गिर घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### रोडवेज के चालक परिचालक को दौड़ा दौड़ाकर पीटा

**सुमेरपुर।** इंगोहटा जा रही एक महिला का विवाद बस के चालक एवं परिचालक से हो गया। महिला ने परिजनों को बुला दोनों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। परिचालक से नोटों भरा बैग और टिकट मशीन छीन ली।

हमीरपुर डिपो की परिचालक आरती कुशवाहा ने बताया कि सोमवार शाम वह बस लेकर महोबा जा रही थी। चालक सचिन बस को चला रहा था। महिला संतोषी हमीरपुर से इंगोहटा के चढ़ी, गेट के पास खड़ी हो गई। जब उससे पीछे जाकर सीट में बैठने को कहा तो विवाद करने लगी। उसने चालक के साथ भी अभद्रता की। महिला ने इसी बीच अपने परिजनों को फोन करके इंगोहटा बस स्टैंड में बुला लिया। बस के पहुंचते ही परिजनों ने उसके आगे बाइक लगा दी और चालक सचिन को उतार कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे। जब परिचालक बीच बचाव को पहुंची तो महिला के परिजनों ने उसे भी डंडों से पीटा और नोटों से भरा बैग एवं टिकट मशीन छीन ली। पुलिस ने परिचालक की तहरीर पर संतोषी कुमारी, दसाराम उर्फ दस्सी वर्मा, कल्लू, कुलदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



पराली में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

## आग से 40 बीघे की पराली जली

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के जखेला कुरारा मार्ग मे तिकोना हार में अज्ञात कारणों के चलते 40 बीघे की पराली में आग लगी जिससे 40 बीघे की पराली व किसान के 50 पाइप जल गए वहीं सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा सकी।

क्षेत्र के जखेला कुरारा मार्ग में तिकोनाहार में मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे अज्ञात कारणों से खेतों में खड़ी पराली में आग लग गई। जिसमें रिठारी गांव के किसान कल्याण सिंह की 20 बीघा गेहूं की पराली व सुशील की 20 बीघा गेहूं की पराली जल गयी। जैसे ही किसानों ने देखा तो आनन-फानन दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एक दमकल की गाड़ी आग बुझाने में नाकामयाब रही।

जिसके बाद दूसरी दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों कड़ी मसक्कत से आग बुझ सकी। रिठारी गांव के पूर्व प्रधान बालेन्द्र श्रीवास ने बताया की दोनों किसानों ने भूसा बनाने के लिए पराली छोड़ रखी थी। वही आग लगने से दोनों किसानों की पराली जलकर खाक हो गई। वहीं किसान सुशील के 50 पाइप भी जल गए है। किसानों को लाखों की क्षति हुई है।

# काटते समय विद्युत केबल पर गिरा नीम का पेड़, पोल व लाइन क्षतिग्रस्त

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- पोल गिरने पर मौके से भाग गया ठेकेदार

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड नंबर पांच में बिना परमिशन के प्रतिबंध नीम का पेड़ काटते समय विद्युत केबल में गिर गया। जिससे विद्युत पोल टूट कर दूसरे के मकान में जा गिरा। साथ ही आधा दर्जन लोगों के कनेक्शन की केबल टूट गई।

वार्ड नंबर पांच बसंत नगर निवासी तिजिया पत्नी स्व.राजाराम प्रजापति ने बताया कि वह अपने दरवाजे पर खड़े नीम के पेड़ को ठेकेदार रईस खान बेंच दिया था। मंगलवार को दोपहर में ठेकेदार रईस खान बिना वन विभाग के अनुमति लिए इस प्रतिबंध नीम के पेड़ को काटने लगा। जिससे यह पेड़ विद्युत केबिल के ऊपर गिर गया। इससे यह पोल टूट कर सामने रहने वाले सिद्ध गोपाल प्रजापति के मकान में जाकर रख गया।इससे इसकी छत में लगी सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से आसपास के पोलों से जुड़े घरेलू कनेक्शन की केबल टूट गई। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने आरोपियों की जानकारी अवर अभियंता को दी है। उन्होंने नोटिस जारी कर कार्यवाही करने की बात कही। वन विभाग के रेंजर अजय कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। वह अभी अवकाश पर है। वन विभाग के वरिष्ठ लिपिक रामगोपाल ने बताया कि जानकारी हुई है।

### पाइप लाइन बिछाने की डीएम से गुहार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नगर पंचायत सुमेरपुर के वार्ड संख्या 10 (गांधी नगर) के निवासियों ने मोहल्ले के दर्जनों परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न होने के कारण डीएम को प्रार्थना पत्र सौंप कर पेयजल लाइन बिछाने की मांग की। इस दौरान सहदेव पाल, अमित सोनी और सुशील कुमार ने बताया कि वार्ड के कई हिस्सों में अभी तक पाइप लाइन का विस्तार नहीं हो सका है। विशेष रूप से सुभाष गुप्ता के मकान से जियालाल विश्वकर्मा के मकान तक मनोज साहू के मकान से कल्लू के मकान तक और कालीचरण के मकान से प्रह्लाद के मकान तक।

## फांसी लगाकर की युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के बांकी रोड स्थित कांशीराम कालोनी में जनसेवक संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि वह आत्महत्या अपनी मर्जी से कर रहा है और मकान बड़ी बेटी के नाम कर दें। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।



अंकित कुमार।

कस्बे की कांशीराम कालोनी निवासी अंकित कुमार ओमर (37) पुत्र स्व.राजेंद्र प्रसाद कस्बे में बालाजी कंप्यूटर्स के नाम से जनसेवा केंद्र का संचालन करता था। कुछ दिन पहले ही उसने कस्बे में एक अपना खुद का मकान बनवाया था। जिसमें वह परिवार के साथ रहने लगा था। कांशीराम कालोनी में अभी कुछ सामान रखा था, जिसे लाकर दूसरे मकान में रखा जा रहा था। सोमवार की देर रात कालोनी से कुछ सामान लेने गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा। रात में उसने वहीं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब उसे खोजते हुए कॉलोनी पहुंचे तो वहां फांसी के फंदे में उसका शव लटका मिला। जिसे देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। फील्ड यूनिट टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की। शव के पास पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें लिखा है कि वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा है। साथ ही नया मकान बड़ी बेटी के नाम करने की बात लिखी है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## माल्यार्पण कर बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर को किया याद

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित आंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद पार्क से शोभायात्रा प्रारंभ होकर बाजार होते हुए ब्लाक, बस स्टैंड, नगर पंचायत से गुजरते हुए पार्क में वापस पहुंची यहां सभा में तब्दील हो गई। शोभायात्रा के स्वागत में बस स्टैंड में माया वाल्मीकि द्वारा एवं कस्बे के अन्य लोगों के द्वारा भी जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर घनश्याम वाल्मीकि, पप्पू गौतम, महेंद्र वर्मा, शमशेर सिंह सुखराम, गोविद बाल्मीकि, वर्षा नामदेव, जयदीप गौतम, सतेंद्र वर्मा, कमल किशोर अध्यापक, विनय मामा, सुनील बाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, चौधरी, लालाराम अहिरवार, जगमोहन कुशवाहा, डॉ.एस के शंखवार आदि भारी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रही। वही अंबेडकर पार्क में नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू आदि रहे।



कुरारा में आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीकि।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई भारत रत्न आंबेडकर जयंती



मुख्यालय में शोभायात्रा में शामिल महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार





भाजपा कार्यालय में आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता, भारत रत्न व दलितों के मसीहा डॉ.भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती मुख्यालय सहित पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाई गई। जगह जगह शोभायात्रा के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनुयायियों ने बाबा साहेब के चित्र व प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। शोभायात्रा में जगह पुष्पों की वर्षा की गई। साथ ही स्टॉल लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को ठंडा, शरबत व नाश्ते आदि का वितरण किया गया।

उधर संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम घनश्याम मीना ने कहा कि शिक्षा वह शस्त्र है, इससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। साथ ही सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं जिला कारागार सहित सभी सरकारी विभागों में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्यालय के नौबस्ता आंबेडकर नगर में बाबा साहेब के अनुयायियों ने गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद रहें। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में शामिल रहे।

**पौथिया संवाद** के अनुसार ललपुरा गांव सहित अन्य गांवों में बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लालदिवान यादव सहित आदि लोगों ने अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद कन्या भोज का आयोजन कराया। गांव से सैकड़ों युवा नीली क्रांति बाइक रैली कलौलीजार, मवई, कल्ला धनपुरा, छानी, स्वासा होते हुए पुनः ललपुरा गांव पहुंचे। रैली का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को जन जन तक पहुंचाना और समाज में समानता और भाईचारे का सन्देश देना है। कार्यक्रम स्थल पर छतरपुर से आए गायक कलाकार भीम सिंह व रजनी भारती ने लोक गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। रैली के मद्देनजर ललपुरा पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता रहे।

### धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती

**सुमेरपुर।** भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती विभिन्न संगठनों द्वारा बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर त्रिवेणी मैदान स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के उत्थान के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी के माध्यम से उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

इसके उपरांत एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के दौरान बाबा साहेब के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस मौके पर राहुल पालीवाल डॉ सागर, रमजान खान, सीताराम वर्मा, सभासद सुमित वर्मा, सुनील गौतम, सागर सम्राट, अमित जाटव, सुमित सम्राट, जगभान, अनूप रविदास, अर्पित, इंद्रजीत सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# दलितों के उत्थान को समर्पित रहा बाबा साहेब आंबेडकर का जीवन

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** कस्बे के मीरा तालाब स्थित आंबेडकर पार्क से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो फत्तेपुर, बंश नाला, तहसील रोड, मलीकुआ चौराहा, रहमानिया कॉलेज, नरहिया, कांजी हाउस होकर स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में माल्यार्पण कर वापसी देवी चौराहा, नेशनल चौराहा, कोतवाली गेट होकर मीरा तालाब स्थित अम्बेडकर पार्क में देरशाम सम्पन्न हुई।

जिसके बाद आम्बेडकर पार्क में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहेब के जीवनवृत और दलितों के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष का विस्तार से वर्णन किया गया। बताया गया कि बाबा साहेब का जीवन दलितों के उत्थान को समर्पित रहा। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस सक्रिय नजर आई और उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय, कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसके अतिरिक्त कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही, भमौरा, पढोरी, रीवन सहित अन्य गांवों में भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई। वहीं अम्बेडकर जयंती को लेकर शिक्षा विभाग भी सक्रिय नजर आया। कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम कालोनी छिमौली रोड, सावित्री बाई फुले प्राथमिक विद्यालय, किन्नर गार्डन पब्लिक स्कूल सहित सभी स्कूलों में अम्बेडकर जयंती मनाई गई और बाबा साहब के जीवन और कार्यों का विस्तार से वर्णन किया गया।



मौदहा में शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम

### रामलीला मैदान में डॉ .भीमराव आंबेडकर सामाजिक समिति ने मनाई जयंती

# डॉ . आंबेडकर ने दलितों और अछूतों को दिलाया सम्मान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता दलितों के मसीहा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती कस्बे में उत्साह के साथ मनाई गई। अनुयायियों ने आंबेडकर चौराहे पर स्थित बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंच श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं कस्बे में डा.भीमराव आंबेडकर सामाजिक समिति द्वारा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली। रामलीला मैदान से शुरू हुई बाबा साहब की शोभायात्रा पूरे कस्बे में उत्साह के साथ घूमी। इस दौरान बाबा साहेब की शोभायात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मंगलवार की सुबह आंबेडकर चौराहे पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर विधायक मनीषा अनुरागी, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, पूर्व विधायक डा.अम्बेश कुमारी, सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी, डा.कमलेश लोधी, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी गोविंद अहिरवार, महेंद्र शुक्ला, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, मनीष गौतम, मैयादीन साहू समेत सैकड़ों लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



आंबेडकर चौराहा स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अनुयायी।

रामलीला मैदान में डा.भीमराव अंबेडकर सामाजिक समिति द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद एक भव्य शोभा यात्रा कस्बे में निकाली गई। शोभायात्रा में बच्चों की सजी धजी नयनाभिराम झांकियां चल रहीं थी। शोभायात्रा में डीजे की धुनों पर युवक थिकरते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह अनुयायियों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का जलपान करा स्वागत किया। रामलीला मैदान के पास फरीद ठेकेदार ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। बिवांर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बे में डॉ.अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें संत रविदास कबीर, सावित्रीबाई, ज्योतिबा फुले, एकलव्य सहित एक दर्जन झांकी शामिल रही। जगह जगह स्टॉल लगाकर शरबत, ठंडा पानी व नाश्ता कराया गया। शोभायात्रा में शिवपाल वर्मा, महेश्वरीदीन अंबेडकर, नागेंद्र वर्मा, रामबालक, अलबेला आदि रहे।



बाबा साहेब की शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### एमएलसी ने मुआवजे के लिए शासन को भेजा पत्र



एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर।

महोबा। बुंदेलखंड में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी तूफान के चलते किसानों की फसल में भारी नुकसान हुआ, जिसको लेकर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने शासन को पत्र के माध्यम से किसानों की समस्याओं और आर्थिक स्थिति से अवगत कराया था। आयुक्त ने चित्रकूट धाम मंडल के महोबा, हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट के जिलाधिकारियों को फसल नुकसान का सर्वे कराने के निर्देश दिए गए। इससे अब जल्द ही किसानों को मुआवजा राशि मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। कहा कि किसानों ने मेहनत कर गेहूं सहित अन्य रबी फसल को तैयार किया था, लेकिन आंधी तूफान, बारिश के चलते क्षेत्र के किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ, जिससे किसान की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ा।

### एसपी ने वर्चुअल जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की। इस पहल के अंतर्गत जिले के समस्त पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जन समस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया और संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके साथ ही उन्होंने जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने किया जागरूक

महोबा। बसंत वैली स्कूल महोबकंठ में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना महोबकंठ की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम ने विद्यालय के छात्र छात्राओं और शिक्षकों को सरकार की संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे नारी सम्मान, मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 विमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन व 181 महिला हेल्पलाइन से अवगत कराया। इस मौके पर टीम ने महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निसंकोच अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में पूछा गया।

# युवती का शव मिलने पर लगाया हत्या का आरोप

## सुभाष नगर में जेल के पीछे मिला शव, पुलिस ने शुरू की पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर के सुभाष नगर मुहाल में जेल के पीछे सुनसान इलाके में एक 22 वर्षीय युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जांच कराए जाने की मांग की है। पुलिस और फारेंसिक टीम मामले की जांच करने में जुट हुई है।

मानिकचंद्र रैकवार ने बताया कि बीती रात परिवार के सभी सदस्य खेत पर फसल की कटाई के लिए गए थे और प्रियंका घर पर अकेली थी। मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे जब सभी लोग खेत से घर लौटे, तो मुख्य दरवाजा खुला पाया और प्रियंका घर में नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद, शौच के लिए निकले स्थानीय लोगों ने पहाड़ी पर एक युवती का शव देखा। शिनाख्त होने पर पता चला कि वह प्रियंका ही थी। मृतका के चाचा महेंद्र कुमार ने बताया कि प्रियंका के शरीर और गाल पर चोट के गहरे निशान हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उसे पत्थरों से कुचलकर मारा गया है। बताया कि जुलाई माह में उसका विवाह होना था और परिजन इसकी तैयारी भी कर रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच करने में जुट गई है।



शव मिलने के बाद मौके पर जमा भीड़। अमृत विचार

# श्रमिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : नीरज कुमार

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। खनन के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा सभी खान मालिकों को नियमों के तहत ही सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए काम करना होगा। खान में आकस्मिक दुर्घटना होने पर पुलिस को जांच का अधिकार नहीं है खान के अंदर दुर्घटना में केवल खान सुरक्षा निदेशालय ही जांच करेगा। पुलिस का खान में हस्तक्षेप नहीं रहता। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

यह बात मंगलवार को शहर के एक होटल में खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए महानिदेशक खान सुरक्षा नॉर्दन जोन नीरज कुमार ने कही। महानिदेशक ने कहा कि सभी खान संचालकों को खान सुरक्षा अधिनियमों का पालन करना होगा। श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। राज्य सरकार का काम खनन पट्टा देना होता है खान सुरक्षा निदेशालय का काम नियमों के तहत खनन कराने का होता है। बिना खान सुरक्षा निदेशालय के खनन अवैधानिक है। सभी खनन व्यापारियों को माइनिंग मेट और इंजीनियर की उपस्थिति में काम कराना होता है, जिससे सुरक्षित खनन हो सके। छोटे छोटे लीज को कामन बाउंड्री मिलाकर एक साथ चार लीज तक की परमिशन दी जा सकेगी। मैनेजर के हटाने पर दूसरे मैनेजर के रखने पर फिर से परमिशन लेना होगी।

महानिदेशक ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के गजट आदेश के अनुसार पूरे देश में हो रहे हर जिले के खनन में कही भी दुर्घटना होने पर जांच का काम खान सुरक्षा निदेशालय करता है वहां पुलिस को जांच का अधिकार नहीं है। पुलिस केवल दुर्घटना पर दुर्घटना दर्ज कर सकती है, हर जिले में इसका पालन हो रहा है। ग्वालियर जोन के निदेशक कर्मदेव राम ने कहा कि छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, दमोह, भिंड, शिवपुरी जिले का यहां संयुक्त कार्यक्रम खान सुरक्षा को लेकर रखा गया था। जिसमें खान सुरक्षा के सभी प्रभावी नियमों को बताया गया है हर हाल में सभी को नियमों का पालन करना होगा। निदेशक मैकेनिकल खान सुरक्षा के विजय कुमार ने कहा कि मेकेनिकल सिस्टम से अब खान में काम आसान होगा है। उप निदेशक खान सुरक्षा प्रवीण कुमार ने नए नए खान सुरक्षा नियमों के बारे में बताया। बैठक का आयोजन छतरपुर क्रेशर यूनियन के विपुल अग्रवाल, अभिषेक सिंह,संजय जोशी ने किया था।




दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। अमृत विचार

### तीन साल की परमीशन देने की मांग

- जिले के खनन पट्टाधारकों का प्रतिनिधिमंडल महानिदेशक से मिला तथा तीन से चार साल के परमीशन की मांग रखी तथा मैनेजर के हट जाने पर दूसरे मैनेजर को बिना नई परमीशन के एक्सटेंशन देने की मांग की, जिसे महानिदेशक ने स्वीकार कर लिया। साथ ही छोटे छोटे खंड के पट्टे होने पर नियमों के पालन में आरही दिक्कतों से उन्हें अवगत कराया। बैठक में वसीम अहमद, राघवेंद्र सिंह, रघुराज सिंह, राम किशोर सिंह, एके त्रिपाठी, सत्येंद्र अग्निहोत्री, विजय सिंह, उपेंद्र शुक्ला सहित तमाम पट्टा धारक मौजूद रहे।

# एचके राइडर ने फ्रीडम फाइटर वॉरियर्स को हराकर जीत कप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- वीरभूमि महोबा क्रिकेट चैंपियनशिप लीग में जिले के अलावा प्रदेशों के खिलाड़ी हुए शामिल

अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसोसिएशन महोबा के तत्वाधान में आयोजित का वीर भूमि महोबा क्रिकेट चैंपियनशिप लीग फाइनल मैच एचके राइडर और फ्रीडम फाइटर वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए एचके राइडर की टीम ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राली देकर सम्मानित किया गया, जबकि टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें आरव झा को प्लेयर ऑफ द मैच, अंश वर्मा राठ को बेस्ट बैट्समैन, असद महोबा को बेस्ट बॉलर, आयुष विश्वकर्मा चित्रकूट को बेस्ट विकेटकीपर और उत्कर्ष शर्मा महोबा को बेस्ट कैच का पुरस्कार से नवाजा गया।

वीरभूमि महोबा क्रिकेट चैंपियनशिप लीग फाइनल मैच में फ्रीडम फाइटर वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों में टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। टीम की ओर से अंश वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 61 रन बनाए, जबकि शुभी द्विवेदी ने 53 गेंदों में 40 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। एचके राइडर की ओर से गेंदबाजी कर रहे असद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में मात्र 21 रन देकर 3 विकेट झटके। विरोधी टीम के दिए गए 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचके राइडर की टीम ने संयम और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल जीत दर्ज की। टीम के कप्तान आरव झा ने 47 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झांसी जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अजय मिश्रा एवं झांसी जिला क्रिकेट एसोसिएशन कोषाध्यक्ष संजय साहनी उपस्थित रहे। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि टूर्नामेंट में महोबा, कानपुर, बांदा, चित्रकूट, गोंडा, ओरछा, झांसी, छतरपुर, प्रयागराज, उन्नाव, बरेली, फर्रुखाबाद सहित विभिन्न जिले व प्रदेश से आए युवा खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में रघुवंश शर्मा व उनकी पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन समारोह में शिवकुमार गोस्वामी, भगीरथ नागायच, डॉ. ज्ञानेश अवस्थी, राजेश चतुर्वेदी, सुमित तिवारी, संदीप, मनीष तिवारी, रमेश शुक्ला, शमीम भाई सहित नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



ट्राफी के साथ जश्न मनाती विजेता टीम। अमृत विचार



शहीद फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि देतीं एएसपी। अमृत विचार

# शहीद 66 फायर कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एएसपी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर अग्नि सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारंभ
- मुंबई बंदरगाह अग्निकांड में शहीद हुए थे, कार्मिक और अधिकारी

अमृत विचार। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर मंगलवार को जिला अग्निशमन कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुंबई बंदरगाह अग्निकांड में शहीद हुए अधिकारियों और फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एएसपी व अग्निशमन अधिकारी ने अग्निकांड के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए प्रचार वाहन को एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया और लोगों को 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के प्रति जागरूक किया गया।

दमकल विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह में हुए हादसे के बारे में जानकारी दी। बतया कि यहां आग बुझाने में जुटे 66 अग्निशमन कर्मी शहीद हो गए थे। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, जिसके तहत सप्ताह में अलग-अलग जगह जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा के साथ ही जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का भी आगाज हो गया है। इस दौरान अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत अधिकारियों ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के मुख्य चौराहों, जैसे राठ चुंगी, झलकारी बाई तिराहा और छतरपुर रोड से गुजरी। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को आग की दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक और सजग करना है। कार्यक्रम के अंत में वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें अंतिम नमन किया गया।

# 'मेरी हुकूमत चले तो मैं सारी दुनिया को हिन्दुस्तान बना दूं'

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- क्रांतिकारी परमानंद की पुन्य तिथि पर काव्य गोष्ठी

अमृत विचार। क्रांतिकारी पंडित परमानंद की पुन्य तिथि पर मंगलवार को शहर के चित्रगुप्त मंदिर में श्यामबिहारी निगम की अध्यक्षता व रामप्रकाश पुरवार के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी हुई। गोष्ठी में कवियों ने सामाजिक, नैतिक, राजनीतिक और देश भक्ति पर आधारित और बुंदेली संस्कृति पर रचनाएं सुनाकर उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही लूटी। गोष्ठी की शुरुआत कवि विदेश विद्यासन ने वाणी वंदना माता हंसवाहिनी, विराजो आज दाहिनी से की। इसके बाद चित्रगुप्त भगवान की लीला बड़ी विचित्र है रचना प्रस्तुत की।

गोष्ठी में संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी ने करुं नमन मैं आपको पंडित परमानंद रचना सुनाई। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज राष्ट्र को सच्चे सपूत चाहिए, त्याग और बलिदान की मूर्ति चाहिए। साहित्यकार संतोष पटैरिया ने माना तुमने जग जीता है, गाई गई यहां गीत है रचना सुनाई। कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने मेरी हुकूमत चले तो मैं सारी दुनिया को हिन्दुस्तान बना दूं रचना को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। रामप्रकाश पुरवान ने राजनीति पर पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि कुर्सी के खातिर भैया दुनिया लड़ती मरती है, इसके आगे नेता गिरता, नेत्री भी गिर पड़ती है।

साईं डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने रचना पढ़ी कि अपनो देश प्रानन से प्यारो, तीन लोक नौ खंड में न्यारो प्रस्तुत की। अधिवक्ता प्रमोद सक्सेना ने निज राष्ट्र धर्म के लिए बलिदान हो गया रचना पढ़ी।

श्रीराम आचार्य सोनी ने गोरो को किया परास्त। प्रदीप कुमार सक्सेना ने ग्राम सिकरौंधा में जन्मे परमानंद व सुशील शर्मा ने आलोक जो लाए हम पर रचना की कुछ पंक्तियां सुनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता के रहे श्यामबिहारी ने रचना देश भक्ति पूर्ण रचना चढ़ स्वतंत्रता की बलिवेदी प्राणों का उत्सर्ग किया, दीवानों ने लहू बहाकर भारत मां को अर्ध दिया, जय जय वंदेमातरम प्रस्तुत की। पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी में अरुण खरे, मनीष, प्रदीप सक्सेना सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



गोष्ठी में रचना प्रस्तुत करते कवि। अमृत विचार

### हत्या के विरोध में हड़ताल पर उतरे अधिवक्ता

महोबा। मिर्जापुर में अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में सोमवार को जिला अधिवक्ता समिति महोबा में अध्यक्ष रामसहायं राजपूत की अध्यक्षता में बैठक की। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत लेने का निर्णय लिया। बैठक के बाद सभी अधिवक्ता हड़ताल पर चले गए।

मिर्जापुर के अधिवक्ता की हत्या पर शोकसभा का दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष गगन साहू, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामप्रकाश शुक्ला, ईरेंद्र बाबू, दशरथ राजपूत, सिद्धगोपल यादव, दीपक कुमार सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

संवाददाता, कुलपहाड़

अमृत विचार। भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर में रविदास मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो हटवारा वार्ड, बस स्टैंड, गल्ला मंडी, बाजार, किशोर गंज, राजावार्ड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर में आकर समाप्त हुई। इसके बाद एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शोभा यात्रा से पहले पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, इंजीनियर करन सिंह राजपूत, बलवीर सिंह, नवल किशोर, धर्मेंद्र कुमार, राम कुमार पासवान, शीतल प्रसाद आदि द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। शोभा यात्रा दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

**बेलाताल:** कस्बे में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह व श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान छोटेलाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, मौला बक्स, महेंद्र द्विवेदी, रामभरोसी रैकवार, जगत सिंह, पंचमलाल वर्मा, रामस्वरुप, रामबाबू आदि मौजूद रहे।



बेलाताल में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम

जुलूस में नीले झंडे लेकर और नीला गुलाल उड़ाते चल रहे लोग

# डॉ . आंबेडकर जयंती पर शहर में निकाला भव्य जुलूस

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। संविधान रचियता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को जिले में हर्षोल्लास, उत्साह और धूपधाम से मनाई गई। शहर के आंबेडकर पार्क से लोगों ने भव्य जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया, जुलूस में जय भीम बाबा साहेब अमर रहे के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

जुलूस तहसील परिसर से बैंडबाजों और डीजे के साथ निकाला गया। जुलूस सार्राफा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौकी से होता हुआ परंपरागत मार्गों से निकलकर आंबेडकर पार्क में पहुंचकर समाप्त हुआ। डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। डॉ. भीमराव आम्बेडर की संविधान लिए झांकी सबसे ज्यादा सराही गई। जुलूस देखने के लिए लोग छतों और सड़कों के किनारे खड़े नजर आए। जुलूस में युवा थिरकते हुए डीजे के साथ आंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां पर सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने जो संविधान में व्यवस्था की थी उससे आज आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक हम तरक्की नहीं कर सकते, इसलिए बाबा साहेब ने कहा था कि संगठित बनो ओर शिक्षित बनो। इससे पूर्व डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर सुबह सात बजे से राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने माल्यार्पण किया।



जुलूस के दौरान बाइक में बैठे युवा। अमृत विचार

### सरकारी विभागों व मनाई गई आंबेडकर जयंती

- डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिले के विकास भवन, सभी तहसील मुख्यालय, ब्लाक मुख्यालय व अन्य समस्त शासकीय कार्यालयों में मनायी गयी। समस्त कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों ले बाबा साहब के चित्र, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब के योगदान के संबंध में विचार गोष्ठी, भाषण आदि का आयोजन किया गया। वहीं जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी हर्षोल्लास के साथ आंबेडकर की जयंती मनाई गई साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उधर शहर के अलावा नगर कुलपहाड़ के नगर पंचायत भवन, पॉलीटेक्निक कॉलेज, जीबी इस्लामियां इण्टर कालेज, जनतंत्र इंटर कालेज, कोतवाली, जय बुन्देलखंड महाविद्यालय, तहसील भवन आदि संस्थानों में कार्यक्रम हुए।

### कांग्रेसियों ने कई स्थानों पर मनाई जयंती

- जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर के आल्हा चौक स्थित आंबेडकर पार्क, करहरा कला गांव, नाथूपुर प्रेमनगर और तहसील चरखारी के रामनगर में पहुंचकर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया सहित जिला उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, जिला महासचिव खेमचंद अहिरवार, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, राहुल मिश्रा, नगर अध्यक्ष चरखारी शहंशाह अली, महासचिव वृंदावन कुशवाहा सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब समेत तीन गिरफ्तार

राजापुर (चित्रकूट)। एसआई रविंद्र कुमार कटियार ने धोबयाना निवासी एक महिला को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसआई नरेंद्र यादव ने अनिल सोनकर पुत्र फूलचंद्र निवासी मोहल्ला भैरम बाबा को 22 अदद देशी पाउच के साथ और एसआई रविंद्र कटियार ने एक महिला निवासी क्योटरहा खटकाना को 20 अदद देशी पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### पत्रकार ने लगाया मारपीट का आरोप

चित्रकूट। शिवरामपुर निवासी पत्रकार आकाश कश्यप ने चौकी प्रभारी को तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आकाश ने बताया कि मंगलवार को वह सीतापुर तिराहे में पान की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान आरोपी राज रैकवार ने उसे गालियां दीं और मारपीट की। इसे उसे गंभीर चोटें आईं। मना करने पर अन्य आरोपियों देशराज, कल्लू ने भी मारापीट की। आरोप लगाया कि ये लोग दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हैं।

### पति और सास पर लगाया मारपीट का आरोप

चित्रकूट। भरतपुरी निवासी महिला कविता ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि नौ अप्रैल को पति ने जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। सास ने उसके पैर पकड़ रखे थे और कह रही थी कि इसे खत्म कर दो। उसने बताया कि जब उसके पिता ने कोतवाली में सूचना दी तो उसकी जान बची। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### नशे में गालीगलौज और मारपीट की रिपोर्ट

मऊ । थाना क्षेत्र के बेलहा मजरा बलिया कला निवासी सविता निषाद ने तहरीर देकर दो लोगों पर उसके पिता नत्थू प्रसाद और दादी लक्ष्मिनिया देवी पर नशे की हालत में गालीगलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि जब उसने आरोपियों अरविंद और फूलचंद्र को मना किया तो इन लोगों ने उसे भी गालियां दीं और मारापीटा। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस कार्यालय में किया गया कैफे का उद्घाटन

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सहायक उपनिरीक्षक लिपिक केशव प्रसाद शुक्ला व कुक रणधीर सिंह से श्री गणेशजी की प्रतिमा का विधिवत् पूजा अर्चना कराकर पुलिस कार्यालय में द पुलिस कैफे का उद्घाटन कराया। एसपी ने बताया कि यह कैफे पुलिसकर्मियों एवं आम जनता के लिए खोला गया है। इसमें भोजन और पेय पदार्थ बाजार की तुलना में कम कीमतों पर उपलब्ध होगा। आशा जताई कि पुलिस की तनावपूर्ण नौकरी में कैफे उनके लिए स्ट्रेस बस्टर का काम करेगा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार वर्मा, यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, वाचक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी महिला सेल जयप्रकाश उपाध्याय, प्रभारी आईजीआरएस अशोक कुमार यादव, प्रधान लिपिक आनंद मोहन शुक्ला, आंकिक अमृत लाल सरोज, सहायक उप निरीक्षक अनुभव सिंह आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# कालेज प्रबंधन पर लगाया अधिक फीस लेने का आरोप

## डीआईओएस ने मामले की जानकारी से किया इंकार, डीएम कार्यालय पहुंचकर की शिकायत



विद्यालय प्रबंधन की शिकायत करने पहुंचे छात्र। अमृत विचार

### संविदाकर्मियों के लिए नहीं मिलता एक रुपया : चौहान

- उधर, इस संबंध में सीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने आरोपों को सरासर गलत बताया। उनका कहना था कि हर क्लास की अलग-अलग फीस है। प्रबंधन समिति से पूरी फीस पास है। उन्होंने बताया कि 69 अध्यापक, 22 कर्मचारी और आठ क्लर्क मानदेय पर हैं। इनके लिए सरकार से एक रुपये नहीं मिलता। जो फीस और अन्य मदों से आय होती है, उनसे ही इनके खाते में मानदेय दिया जाता है। फीस की जो रसीद मांगता है, उसे दी जाती है। किसी को भी कोई जानकारी लेनी हो तो कालेज आकर देख सकता है। एक एक रुपये का हिसाब है। उन्होंने कटाक्ष किया कि उन कालेजों को भी देखिए जहां मनमानी फीस ली जाती है और कोई हिसाब नहीं दिया जाता। बताया कि जब उन्होंने ज्वाइन किया तो कालेज में साढ़े नौ सौ बच्चे और 65 अध्यापक थे। आज 29 अध्यापक हैं और छह हजार छात्र संख्या है। बच्चों की भलाई के लिए संविदा में अध्यापक रखे गए और इनके लिए शासन से एक रुपये नहीं मिलता।

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले के निजी और स्ववित्तपोषित विद्यालयों में फीस को लेकर मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। चित्रकूट इंटर कालेज में फीस को लेकर भाई-बहन ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। उधर, इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने मामले की जानकारी से इंकार किया।

सोमवार को छात्र शनि कुमार और अन्य छात्र जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ पत्र सौंपकर गंभीर आरोप लगाए। जिलाधिकारी को संबोधित पत्र में शनि का कहना था कि बेहतर शिक्षा के लिए चित्रकूट इंटर कालेज में प्रवेश लिया लेकिन हर छह माह में यहां की फीस बढ़ा दी जाती है। जिसके चलते लोगों को समस्याओं को परेशानी का समाना करना पड़ता है। अत्यधिक फीस वसूली ने पढ़ाई जारी रखनी मुश्किल कर दी है। गरीब बच्चों के परिजनों को ठगा जा रहा है। इस पूरे मामले पर जब जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई शिकायत उनके संज्ञान में नहीं आई है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने विद्यालय में कक्षा और सेक्शन निर्धारण को लेकर भी प्रबंधन से जानकारी लेने की बात कही।

### प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

चित्रकूट। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में कार्यक्रम में अग्निकांडों में प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर भीषण अग्निकांड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस एवं उसी दिन से अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम, सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज- आग की रोकथाम के लिए एक साथ, है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के जवान सदैव अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन की सुरक्षा करते हैं। उनका त्याग एवं समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। अग्निशमन वाहनों को जागरूकता के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसपी ने बताया कि 20 अप्रैल तक जनजागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों एवं प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से लोगों को आग लगने की स्थिति में सावधानियों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी।



जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी।

## प्रेरणास्त्रोत है डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन : मीरा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर डा. भीमराव आंबेडकर जन्म जयंती समिति ने शोभायात्रा निकाली। धुस मैदान में विचार संगोष्ठी कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान एडवोकेट मीरा भारती सदस्य जिला पंचायत ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि डा. आंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के लिए संघर्ष का प्रेरणास्रोत है। बाबा साहेब के विचार आज भी हमें शिक्षा, समानता, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके द्वारा रचित संविधान ने देश को एक सशक्त लोकतंत्र दिया है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर गया प्रसाद बौद्ध, ज्ञान चंद बौद्ध, मोहित भाई पटेल, संजय सिंह पटेल, धर्मेंद्र भास्कर, विनोद वर्मा, आशीष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



अंबेडकर पार्क में बाबा साहाब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते नगर पंचायत अध्यक्ष।

## राजापुर में चेयरमैन ने किया आंबेडकर पार्क का लोकार्पण

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** कस्बे में धूमधाम से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। भीम आर्मी, बहुजन समाज पार्टी तथा समाजवादी पार्टी ने शोभायात्रा निकाली। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने 18 लाख से बने आंबेडकर पार्क का लोकार्पण किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका अदा की थी। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव व तहसीलदार भारत प्रताप सिंह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर ने आधुनिक भारत की नींव रखी। संविधान में छुआछूत के अंत, आरक्षण की व्यवस्था की। इस मौके पर देवगुलाम वर्मा, जितेंद्र सोनकर, मोनू सोनकर, संजय सोनकर, शंकर दयाल जायसवाल, तारणि शुक्ला, राजेश भोजवाल, पुत्तीलाल, मीनू गुप्ता, राजेश तिवारी, रमन मोदनवाल, अमित सोनी, विकास जायसवाल, दयाशंकर वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सदर विधायक की अगुवाई में निकली शोभायात्रा

- चित्रकूट। सपा विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में आंबेडकरनगर कर्वी माफी में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। विधायक ने लोगों से बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने की अपील की। कहा कि सभी प्रण लें कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान में हक और सम्मान की रक्षा करेंगे। सदर विधायक कनकोटा, सुरवल, बरद्वारा और चिल्लीमल गांवों में भी गए और कार्यक्रमों में शिरकत की।

### पहाड़ी में धूमधाम से मनी आंबेडकर जयंती

- पहाड़ी। एसके मेमोरियल स्कूल तौरा में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने बाबा साहेब के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सपा नेता निर्भय सिंह पटेल, रामबाबू वर्मा, लवलेश यादव, राकेश प्रजापति, विशाल व ग्राम प्रधान डा. दिनेश कुमार, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे आदि मौजूद रहे।

## 112 आंगनबाड़ी केंद्रों में की पेयजल की व्यवस्था

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर में संपूर्णता अभियान के दूसरे चरण का मंगलवार को समापन हो गया। खंड विकास अधिकारी और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान 112 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की गई।

बीडीओ ने बताया कि इसके साथ 9032 नामांकित बच्चों को पूरक पोषाहार का वितरण किया गया। उन्होंने अभियान की अन्य उपलब्धियां गिनाईं। अभियान 28 जनवरी से चलाया गया था। इस दौरान पंचायत सहायक ज्ञानेंद्र पांडेय, राकेश कुमार, अंजली सविता, श्रद्धा देवी, रंजना देवी और ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप सिंह, ब्लाक मिशन प्रबंधक अरविंद सिंह, शांती देवी, सुंता देवी, विमला देवी, पूर्णिमा देवी, रन्नू देवी, संगीता देवी, इस्लाम अली, तिजोला, हेमराज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक सिंह, सुरेश कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, एडीओ एसटी विनय गौड़, एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय ने विचार साझा किए। नीति आयोग के धर्मेंद्र प्रकाश पांडेय ने अभियान की प्रगति रिपोर्ट दी।




छीबों के पंचायत सहायक को प्रशस्ति पत्र देते बीडीओ रामनगर एवं साथ में एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय। अमृत विचार

- आकांक्षी ब्लाक में संपूर्णता अभियान का समापन

### अभियान के तहत किया गया सर्वेक्षण

चित्रकूट। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के तहत जिला मलेरिया अधिकारी व टीम ने विभिन्न गांवों में सर्वे किया। बताया कि झाड़ियों की साफ सफाई, पोस्टर, चस्पा करना, फागिंग कराई जा रही है।

(नमूना काबिज फरोक्त)

**सम्मन वास्ते करारदद उमूर तनकीह तलब**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

ता0पेशी- 30-05-2026

बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जिला औरैया

मुददई

नम्बर- 43 सन् 2026 साकिन

धारा- 13 हिन्दू विवाह अधि0

**अजय तिवारी**

बनाम

**श्रीमती श्रुति**

अजय तिवारी पुत्र श्री हरी नरायन, निवासी- 100, पक्का बाग फ्रेण्डस कालोनी इटावा परगना व जिला इटावा

बनाम

श्रीमती श्रुति पत्नी श्री अजय तिवारी पुत्री शिव प्रसाद निवासिनी 100, पक्का बाग, फ्रेण्डस कालोनी इटावा परगना व जिला इटावा, हाल-निवासिनी नवीन बस्ती विधूना परगना विधूना जिला औरैया

साकिन मुद्दई

हरगाहा के आपके नाम एक नालिश दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है। कि आप व तारीख 30 मई 05 सन् 2026 बवक्त 8 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालत करार माफिक किया गया और कुल पराद अहम मुताबिक मुकदमा का जबाव दे सके या जिसके जबावदेही दाबा के करे आपको लाजिम है कि उसकी जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर बताईद अपनी जबावदेही से दस्लतदान करना चाहते हो ।

आपको इत्तिला दी जाती है अगर मजकूर आप हाजिर न होगें मुकदाम बगैरह हाजिरी मसमुआ और फैसला होगा ।

बवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत का आज दिनांक 04 माह 2026 ई0 जारी किया गया है।

आज्ञा से
प्रसाशनिक अधिकारी

### नाबालिग पुत्री को गहने और रुपयों के साथ ले गए युवक

**पहाड़ी चित्रकूट।** थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने कुछ युवकों पर उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण महिला ने बताया कि वह 12 अप्रैल को परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गेहूं की कटाई में गई थी। इसी दौरान उसकी 16 वर्षीया बेटी किसी युवक के साथ चली गई। साथ में गहने और पचास हजार रुपये भी ले गई। बाद में पता चला कि वह वीरेंद्र उर्फ कल्लू निवासी रगौली और सुरेश पुत्र पंजाबी, धर्मेंद्र उर्फ छोटू पुत्र रमेश, राहुल, बिंदा, संदीप और रजुलिया के बहकावे में आकर गई है। उसने पुत्री और आरोपियों के मोबाइल नंबर भी पुलिस को बताए। साथ ही उसका पता लगाने की गुहार की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## स्टेशन पर मिली ढाई साल की बच्ची

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** चाइल्ड हेल्पलाइन ने बीते दिन चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से एक ढाई साल की बच्ची को संरक्षित किया। बच्ची को स्पेशल एडाप्शन एजेंसी (एसएए) के संरक्षण में है।



स्टेशन पर मिली बच्ची।

चाइल्ड लाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उनको आरपीएफ से फोन पर बताया गया कि एक बच्ची रेलवे स्टेशन में मिली है। वे तत्काल सुपरवाइजर काजल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन में बने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी फुटेज देखने पर बच्ची अपनी मां के पास खेलती नजर आ रही थी। टिकट क्लर्क ने भी बताया कि बच्ची टिकट विंडो के पास अपनी मां के साथ खेल रही थी। मां ने बच्ची को सुलाने के बाद ग्वालियर का टिकट लिया था। बताया कि टिकट लेने के बाद बच्ची की मां कहीं नजर नहीं आई। वे लोग देर शाम बच्ची को लेकर सीडब्लूसी अध्यक्ष राकेश माथुर के आवास पर गए। माथुर ने बच्ची को राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई में आवासित करने का आदेश दिया। इस पर बच्ची का मेडिकल कराने के बाद वहां दे दिया गया। बताया कि बच्ची के परिजनों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

### ग्रामोदय विवि में मनी बाबा साहब की जयंती

सीतापुर। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने बाबा साहेब के अमर संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो की विस्तृत व्याख्या की। ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अमरजीत सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा ने कहा कि आज सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए उनके विचारों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने की आवश्यकता है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

आयोजन | जगह-जगह धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

# न्याय और समानता के लिए समर्पित रहा बाबा साहब का जीवन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में तमाम जगहों पर भारतरत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम हुए। लोगों ने उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया ।

भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। जिला महामंत्री विपुल प्रताप ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय के लिए समर्पित रहा। उनका योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने समाज में शिक्षा, अधिकार और समानता की चेतना पैदा की। जिला प्रभारी डॉ. अनिल यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दी है। इसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में आंबेडकर की प्रतिमाओं और पार्कों का सुंदरीकरण और बाउंड्री वाल बनाई जाएगी।

सभी जिलों में बाबा साहब की प्रतिमाओं पर छत्र लगेंगे। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि उन्होंने छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे आदि ने भी विचार रखे। संचालन जिला महामंत्री अंजू वर्मा ने किया। इस दौरान जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अश्वनी अवस्थी, दिनेश तिवारी, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल आदि मौजूद रहे। विकास पथ सेवा संस्थान ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय अरछा में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली को बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते जिपंअ अशोक जाटव। अमृत विचार

### नागरिक सुरक्षा कोर ने लगाया रक्तदान शिविर

- चित्रकूट। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नागरिक सुरक्षा कोर ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। कलेक्ट्रेट परिसर में उप नियंत्रक अजय कुमार ने इसकी शुरुआत की। अस्मिता सिंह, ज्ञानचंद्र, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, कैश कुमार, गंगासागर, सुंदर लाल, आलोक कुमार, विवेक सिंह, रेणुका यादव, श्रद्धा देवी, पिंकी देवी, पूनम देवी आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे। अमन कुमार, दीपक कुमार ने रक्तदान किया।

### आरोग्य धाम में मनी आंबेडकर जयंती

- सीतापुर (चित्रकूट)। दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम सभागार में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। पद्म विभूषण से सम्मानित गायिका आशा भोंसले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, अपराजित शुक्ला, डॉ. ओमप्रकाश सोनी आदि मौजूद रहे।

### संप्रेक्षण गृह में भी हुआ कार्यक्रम

- चित्रकूट। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में बाबा साहब का जन्मदिवस मनाया गया। योगाचार्य संजय कुमार ने सभी किशोरों को संविधान और बाबा साहब के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में वीर सिंह, मानवेंद्र मिश्रा, उमेश श्रीवास्तव, भरत मिश्रा, राजबहादुर सिंह, रामकैलाश, मनीष कुमार, रणवीर, अजीत कुमार, दिलीप कुमार, लवलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रतिमा का अनावरण किया गया

- चित्रकूट। राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण और माल्यार्पण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल आदि मौजूद रहे। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है, कि सुनीता मनशा राम यादव पत्नी मनशा राम यादव निवासी 67/16 पत्थर नगर भारत नगर शिवाजी मुम्बई वर्तमान पता कुतुबगंज बाजार पूरे तेंदुआ. गोंडा शपथिनी के बैंक पास बुक में सत्यवती पत्नी मनशा राम यादव जो कि आधार कार्ड में सुनीता मनशा राम यादव पत्नी मनशा राम यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है. भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैने अपना नाम SINGH SAGAR SUNIL से बदलकर SAGAR SUNIL SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SUNIL SWAMINATH SINGH ADD-PLOT No-1 KHASRA No-84, OPPOSITE KASTURI VIHAR COLONY UATTARDHONA CHINHAT PS&B-B-D DIST-LUCKNOW-226028 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD SUHAIL KHAN से बदलकर SUHAIL KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-QMARUDDIN KHAN ADD-21 MI, CHANDRA CITY DAROGA KHEDA MIRANPUR PINVAT AURAWAN DIST-LUCKNOW-226401(U.P.)

**सूचना**

मैं MASOOM KHAN पुत्र SHARIFULLAH, निवासी ग्राम-महुआढार, पो0-महदेइया स्टेट बलरामपुर, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MASOOM RAZA SHAIKH रख लिया है, अतः आज से मुझे MASOOM RAZA SHAIKH के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ममता देवी से बदलकर ममता शर्मा कर लिया है भविष्य में मुझे ममता शर्मा पत्नी श्री इन्द्रजीत शर्मा निवासी- ए / 132 विजयनगर हंसनगर कानपुर नगर उ0प्र0 नाम से जाना / पहचाना / अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

